प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, सीतापुर, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव,वाराणसी,मिर्जापुर, हमीरपुर जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 48 सोमवार, 03 फरवरी , 2025 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2022–2024/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## समाजवादी पार्टी सनातन धर्म विरोधी है, माफिया को गले लगाती है : योगी

(एजेंसी) अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी(सपा) पर जोरदार हमला करते हुए उसे ''सनातन विरोधी करार दिया और आरोप लगाया कि इसे सिर्फ ''गाजी और ''पाजी ही प्यारे हैं। आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी चंद्रभान पासवान के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए इसे (उपचुनाव को) ''राष्ट्रवाद बनाम परिवारवाद का चुनाव करार दिया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, समाजवादी पार्टी(सपा) सनातन धर्म विरोधी है। वह सामाजिक न्याय के पुरोधाओं और महापुरुषों की विरोधी है। यह भारत विरोधी तत्वों और माफिया को गले लगाती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सपा के लोगों का पेशा ही अपराध करना, गुंडागर्दी करना, बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाना है। उन्होंने दावा किया कि इनका तो नारा ही था कि समाजवादियों का नारा है, खाली प्लॉट हमारा है। उन्होंने कहा, ''समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष (अखिलेश यादव) के पिछले दो महीनों के ट्वीट (एक्स पर की गयी पोस्ट) को देखिये। उन्होंने इस दौरान जितने भी वक्तव्य दिए हैं, वे इस सदी के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ का विरोध करते हुए दिए हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ में दुनिया भर के लोग आकर अभिभूत हो रहे हैं लेकिन पीड़ा सपा को हो रही है। उन्होंने कहा, ''जिस चीज से सनातन धर्म का गौरव बढ़ता हो, जिससे हर भारतीय का सीना चौड़ा होता हो, जिससे हर व्यक्ति अभिभूत होता हो, उससे समाजवादी पार्टी को पीड़ा होती है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह वही समाजवादी पार्टी है जो बहराइच में महाराजा सुहेलदेव के स्मारक का विरोध करती है और कहती है कि इसे गाजी (सूफी संत सैयद सालार मसूद गाजी) का (स्मारक) होना चाहिए. ..उन्हें गाजी और पाजी (अराजक तत्व) प्यारे हैं। उन्होंने सपा पर अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास और (रामलला के नवीन विग्रह की) प्राण प्रतिष्ठा के अलावा अयोध्या के विकास और अयोध्या हवाई अड्डे के निर्माण का विरोध करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने अयोध्या के पूरा कलंदर क्षेत्र में हुई बलात्कार की एक कथित घटना के आरोपी सपा नेता मुईद खान और कन्नौज में एक किशोरी से बलात्कार के आरोपी नवाब सिंह यादव का नाम लेते हुए कहा, इन्हें (सपा को) इसी मिल्कीपुर का मुईद खान प्यारा है। इन्हें कन्नौज का नवाब सिंह यादव प्यारा है, जिसने एक बेटी की इज्जत पर हाथ डाला।



आदित्यनाथ ने शनिवार को अयोध्या में एक लड़की का शव बरामद होने की घटना का भी जिक्र करते हुए दावा किया कि दलित बेटी के साथ हुई इस घटना की जांच में दोषी व्यक्ति सपा का ही निकलेगा। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, ''समाजवादी पार्टी हर माफिया, हर दुष्चरित्र व्यक्ति के साथ हमेशा खड़ी होती है। जो भी घटना घटित होती है, उसके पीछे समाजवादी पार्टी का हाथ होता है। उसे इस बात की पीड़ा है कि आखिर कैसे भारत का गौरव बढ़ रहा है? कैसे सनातन धर्म का गौरव बढ़ रहा है? कैसे इसका महिमा मंडन हो रहा है? उन्होंने दलित और पिछड़ा बहुल मिल्कीपुर में इन वर्गों के मतदाताओं को लुभाने की कोशिश के तहत कहा, ''वीरांगना ऊदा देवी, पासी जाति की वीरांगना थीं, जिन्होंने देश की आजादी की महत्वपूर्ण लड़ाई को नेतृत्व दिया था। वीरांगना झलकारी बाई, कोरी समाज से आती थीं और उन्होंने देश की आजादी की महत्वपूर्ण लड़ाइयां लड़ी थीं। इसके अलावा वीरांगना अवंती बाई लोधी ने भी देश की आजादी की लड़ाई को पूरी मजबूती के साथ लड़ा था। उन्होंने कहा, ''इन तीनों वीरांगनाओं को नमन करते हुए जब हमारी सरकार ने तीन महिला पीएसी बटालियन गठित की थीं तब भी समाजवादी पार्टी ने इसका विरोध किया था। मुख्यमंत्री ने सपा पर डॉ. भीमराव आंबेडकर का भी अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा, जब अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, उन्होंने कन्नौज के मेडिकल कॉलेज के नाम से आंबेडकर का नाम हटाने का पाप किया था। जब हमारी सरकार आई, हमने फिर से कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नाम बाबासाहेब आंबेडकर के नाम पर कर दिया। आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, समाजवादी पार्टी विकास विरोधी और लोक कल्याण विरोधी है। उसकी दृष्टि सैफई से बाहर नहीं जाती। वे जब सत्ता में आते हैं तो अपने परिवार का भरण पोषण करके सारे पद एक परिवार को दे दिए जाते हैं, इसलिए मिल्कीपुर उपचुनाव भी आज राष्ट्रवाद बनाम परिवारवाद का चुनाव बन गया है। मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान पांच फरवरी को होना है। यह सीट यहां से सपा के विधायक रहे अवधेश प्रसाद के फैजाबाद से लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद रिक्त हुई थी।

## दिल्ली की जनता ने शिक्षित मुख्यमंत्री चुनने का मन बना लिया है : प्रियंका कक्कड़

(एजेंसी) नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने रविवार को विपक्षी दलों भाजपा और कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली की जनता उनकी नकारात्मक राजनीति को नकार देगी और फिर से एक शिक्षित मुख्यमंत्री चुनेगी। प्रियंका कक्कड़ ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, इन दोनों पार्टियों के पास न तो मुख्यमंत्री का चेहरा है और न ही कोई एजेंडा। इनके पास एक ही काम है कि सुबह उठो और (अरविंद) केजरीवाल को गालियां दो। लेकिन, दिल्ली की जनता ऐसी नकारात्मक राजनीति पसंद नहीं करती। दिल्ली की जनता ने मन बना लिया है कि फिर से एक शिक्षित व्यक्ति को मुख्यमंत्री चुनना है। दिल्ली विधानसभा की सभी 70 सीटों के लिए सोमवार की शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। आप की रणनीति के बारे में पूछे जाने पर पार्टी प्रवक्ता ने कहा, हम दिल्ली में एकमात्र पार्टी हैं जिसने सभी 70 उम्मीदवारों की घोषणा पहले ही कर दी, अपना सीएम चेहरा घोषित कर दिया, अपनी आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की और अपने कामों को उजागर किया। लेकिन, अन्य पार्टियों के पास न तो कोई चेहरा है और न ही कोई एजेंडा। संसद में शनिवार को पेश आम बजट पर उन्होंने कहा कि जो होना चाहिए था, वह नहीं हुआ है। दूसरी तरफ आप देखेंगे कि आप की योजनाओं से दिल्ली के लोगों को हर माह 25 हजार रुपये की बचत होगी। बिजली, पानी, शिक्षा, परिवहन सुविधा सभी निःशुल्क होने से दिल्ली के लोगों की बचत हुई है। हमारी सरकार आने के बाद संजीवनी योजना, महिला सम्मान योजना, छात्रों को बस में मुफ्त सफर की योजना, मेट्रो में 50 फीसदी तक रियायत की योजना आदि से हर माह दिल्ली के लोगों बचत कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि आम बजट से पहले दिल्ली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बचत पत्र जारी किया था। उन्होंने दावा किया था कि आप सरकार की योजनाओं से हर महीने हर परिवार को 25 हजार हजार रुपये की सीधी बचत होगी। अगर भाजपा आई तो ये सभी योजनाएं बंद हो जाएंगी। केजरीवाल ने कहा था कि फ्री बिजली से प्रतिमाह पांच हजार रुपये, फ्री शिक्षा से 10 हजार रुपये, फ्री इलाज से पांच हजार रुपये, फ्री बस सेवा से 2,500 रुपये और महिला सम्मान योजना से 2,100 रुपये की बचत होगी। अगर भाजपा आ गई तो ये सब बंद हो जाएगा। क्या मिडिल क्लास लगभग 25 हजार रुपये महीने का बोझ उठाने के लिए तैयार है।





## एमपी के श्रद्धालुओं की बस गुजरात में खाई में गिरी, पांच लोगों की मौत

(एजेंसी) शिवपुरी । मध्य प्रदेश के श्रद्धालुओं से भरी बस गुजरात के डांग जिले में खाई में गिर गई, घटना रविवार सुबह की है। यह हादसा सापुतारा घाट इलाके में हुआ, इस घटना में विदिशा के एक ड्राइवर और शिवपुरी के चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं 35 यात्री घायल हैं। जिनमें से 16 की हालत गंभीर बताई जा रही है, तत्काल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 48 तीर्थ यात्रियों को लेकर बस महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर से द्वारिका जा रही थी। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, स्थानीय लोगों की मदद से बस से घायलों को बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया है। आपको बता दें कि शिवपुरी ,गुना और अशोकनगर जिले से श्रद्धालुओं का दल 23 दिसंबर को धार्मिक यात्रा पर गया था। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि गुजरात के सापुतारा घाट के पास गुना, शिवपुरी और अशोकनगर के श्रद्धालुओं से भरी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से बस में सवार कई श्रद्धालुओं के असमय निधन का समाचार मन को व्यथित कर देने वाला है। मैंने घटना के संबंध में जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार के अधिकारियों से बातचीत की है एवं लगातार उनके संपर्क में हूं। साथ ही हादसे में घायल हुए लोगों के इलाज की शीघ्र व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। मैं ईश्वर से सभी दिवंगत पुण्यात्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।



## 4 मई को खुलेंगे बद्रीनाथ मंदिर के कपाट

### बसंत पंचमी पर टिहरी के राजपुरोहित ने तिथि निकाली

(एजेंसी) टिहरी । उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ मंदिर के पवित्र कपाट 4 मई को सुबह 6 बजे श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे। बसंत पंचमी पर नरेंद्र नगर में पूर्व टिहरी राज दरबार में विशेष पूजा–अर्चना के बाद मंदिर के कपाट खुलने का समय तय किया गया। गणेश पंचांग और चौकी पूजन के बाद राज पुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुलने की तिथि तय की। इस दौरान टिहरी के पूर्व महाराजा मानवेंद्र शाह, लोकसभा सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, बद्रीनाथ के मुख्य पुजारी रावल अमरनाथ नंबूदरी, बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय थपलियाल और कई अधिकारी मौजूद थे। 17 नवंबर 2024 को बद्रीनाथ के कपाट पंच पूजा के बाद शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए थे। पिछले साल उत्तराखंड की चारधाम यात्रा के दौरान अकेले बद्रीनाथ धाम में 14 लाख 25 हजार से ज्यादा लोगों ने दर्शन किए थे।



## भूकंप के तेज झटकों से हिली धरती, घरों और दफ्तरों से बाहर निकले लोग

(एजेंसी)नयी दिल्ली । बीकानेर में आज रविवार दोपहर अचानक भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे शहर में अफरा–तफरी मच गई। जैसे ही धरती हिली, लोग अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकलकर खुले स्थानों की ओर दौड़ पड़े। फिलहाल, किसी भी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन दल स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। भूकंप की तीव्रता 3.6 रिक्टर स्केल मापी गई है। भूकंप का केंद्र बीकानेर के महासमर क्षेत्र में था और यह धरती की सतह से 10 किलोमीटर गहरे थे। विशेषज्ञों के अनुसार, यह झटके हल्के से मध्यम तीव्रता के हो सकते हैं। भूकंप के झटकों से लोग घबरा गए थे, और कई लोग एक–दूसरे को फोन करके अपने हाल–चाल पूछने लगे। हालांकि, किसी प्रकार का जान–माल का नुकसान नहीं हुआ है। बीकानेर के अलावा नोखा और लूणकरणसर में भी भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और पूरी तरह से सतर्क रहें।

## बजट में 12 लाख तक कर छूट देकर सुर्खियां बटोरने का काम हुआ : प्रियंका चतुर्वेदी

(एजेंसी) नयी दिल्ली। लोकसभा में शनिवार को पेश आम बजट को शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने जमीनी हकीकत से दूर बताया और कहा कि इससे जनता को फायदा नहीं हुआ है। प्रियंका चतुर्वेदी ने रविवार को समाचार एजेंसी से बात करते हुए कहा, षवित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का यह लगातार आठवां बजट था। हमें उम्मीद थी कि जनता को कुछ राहत मिलेगी। उन्होंने 12 लाख रुपये तक की आय को करमुक्त कर वाहवाही जरूर बटोरी, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि बजट में बेकाबू हो रही महंगाई पर चर्चा नहीं हुई। नई नौकरियों के अवसर कैसे पैदा होंगे, इसका कोई जिक्र नहीं हुआ। हमें अब भी नहीं पता कि युवाओं के लिए उन्होंने जिस इंटर्नशिप कार्यक्रम की घोषणा की थी, उसके तहत कितने लोगों को रोजगार मिला है। किसानों के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर कोई बात नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बजट का निष्कर्ष निकालें तो कुछ सुर्खियां बनाई हैं, लेकिन हकीकत में जनता का फायदा नहीं हुआ है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने कहा, षमैं फिर भी इस बजट का स्वागत करूंगी क्योंकि, टैक्स स्लैब में जनता को राहत मिली है। बजट में दो चुनावी राज्यों पर फोकस के आरोप पर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, अगर वे चुनावों को ध्यान में रखते हुए बजट पेश कर रहे हैं, तो यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे षएक राष्ट्र, एक चुनावष की अवधारणा की धज्जियां उड़ रही हैं क्योंकि अगर आप देखें तो बिहार के लोग शायद यह चाह रहे होंगे कि चुनाव हर साल आएं, ताकि वित्त मंत्री उन पर ध्यान दें। आज महाराष्ट्र का विधानसभा चुनाव हो गया है तो बजट में एक बार भी महाराष्ट्र का नाम नहीं लिया गया। भाजपा को 100 से ज्यादा विधायक देने के बावजूद जनता के साथ विश्वासघात हुआ है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वार मुख्य चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखे जाने पर शिवसेना सांसद ने कहा, षजिस तरह से चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी की सभी शिकायतों को संभालता है, उसी निष्पक्षता की मांग आम आदमी पार्टी कर रही है। हम देख रहे हैं कि कैसे कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है, और यहां तक कि अरविंद केजरीवाल पर हमला हुआ। उन्हें सुरक्षा देने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। पंजाब पुलिस द्वारा उन्हें सुरक्षा दी जा रही थी, उसे भी वापस ले लिया गया। यह एक लक्षित अभियान की तरह लगता है, जहां स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रक्रिया को ठीक से लागू नहीं किया जा रहा है। केजरीवाल की शिकायत पर उम्मीद है कि चुनाव आयोग संज्ञान लेगा और कार्रवाई करेगा। वक्फ संशोधन विधेयक पर बनी संयुक्त संसदीय समिति के अपनी रिपोर्ट पेश किए जाने पर सांसद ने कहा, जहां तक मुझे लगता है, सोमवार से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। अगर यह विधेयक पेश किया जाता है, तो हमें देखना होगा कि इसमें क्या प्रावधान हैं, संयुक्त संसदीय समिति ने क्या संशोधन किए हैं, और उसकी समीक्षा करने के बाद ही इस पर कोई टिप्पणी की जा सकती है। तहव्वुर राणा को भारत वापस लाने पर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि तहव्वुर राणा का आना 18 साल की लंबी लड़ाई का नतीजा है। मुंबई के लोग, जो इतने साल से न्याय की उम्मीद कर रहे हैं, अब भी हमले के पीछे के मुख्य और दूसरे साजिशकर्ताओं के पकड़े जाने का इंतजार कर रहे हैं। कुछ पाकिस्तान में बैठे हैं, तो कुछ अमेरिकी नागरिक हैं, इसलिए कार्रवाई में देरी हो रही है। इन्हें जल्द से जल्द भारत लाकर सजा देनी चाहिए।





## जनता को गुमराह करने के लिए है सामना में प्रकाशित लेख : रामदास कदम

(एजेंसी) मुंबई शिवसेना। (यूबीटी) ने अपने मुखपत्र सामना में लिखा है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे में अनबन चल रही है। सामना के संपादकीय पर शिवसेना नेता रामदास कदम ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता को गुमराह करने के लिए यह लेख लिखा गया है।

न्यूज एजेंसी से बातचीत के दौरान शिवसेना नेता ने कहा कि एकनाथ शिंदे ने विधायकों को काम करने के लिए बहुत फंड दिया है। इसलिए एक भी विधायक एकनाथ शिंदे को नहीं छोड़ेगा। भले ही सामना में इस तरह के हजारों खबरें प्रकाशित की जाए। सामना में प्रकाशित लेख और खबरों पर कोई विश्वास नहीं करेगा। सामना ने एकनाथ शिंदे की राजनीति को खत्म करने का संकल्प्य लिया है। इसलिए बीते तीन सालों से लगातार उनके खिलाफ लेख लिखते रहते हैं। सामना में जो भी लेख प्रकाशित हो रहा है, उस पर कोई भी विश्वास नहीं करेगा। हम सभी लोग एकनाथ शिंदे के साथ मिलकर रहेंगे। हम कल भी उनके साथ थे, आज भी उनके साथ हैं और कल भी उनके साथ रहेंगे।



एकनाथ शिंदे की भाजपा से नाराजगी के सवाल पर शिवसेना नेता रामदास कदम ने कहा कि बिल्कुल नहीं। जब हमारे 40 विधायक थे, तो पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बना दिया। आज भाजपा के पास 120 की संख्या है, तो उनका मुख्यमंत्री बनेगा और बना है। इसमें शक क्या है। एकनाथ शिंदे नाराज नहीं हैं। एकनाथ शिंदे की सरकार में जो भूमिका देवेंद्र फडणवीस ने निभाई थी, वही भूमिका देवेंद्र फडणवीस की सरकार में एकनाथ शिंदे निभा रहे हैं। राजनीति के गलियारों में चर्चा चल रही है कि महाराष्ट्र की महायुति की सरकार में अनबन चल रही है। कहा जा रहा है कि सीएम न बनाए जाने से एकनाथ शिंदे नाराज हैं। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र सामना में कहा गया है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एकनाथ शिंदे को पूछ नहीं रहे हैं। मंत्रिमंडल की बैठकों से एकनाथ शिंदे ने दूरी बना ली है।

## पाकिस्तान में अर्धसैनिक बल जवानों के वाहन पर आतंकी हमला, 5 लोगों की मौत

(एजेंसी) पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को आतंकवादियों द्वारा अर्धसैनिक बल के वाहन पर हमला किए जाने से चार जवानों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना दक्षिणी वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले में हुई। पुलिस के अनुसार 'करिजत लेवीश नामक अर्धसैनिक बल के जवान एक निजी चालक के साथ जिले की दरबान तहसील में चोरी हुए ट्रक को बरामद करने जा रहे थे, तभी उन पर घात लगाकर हमला किया गया। हमले में बल के चार जवान और एक नागरिक की मौत हो गई। सुरक्षा बल, खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान दोनों में आतंकवादियों के सफाए के लिए देशभर में व्यापक स्तर पर आतंकवाद विरोधी अभियान चला रहे हैं। शनिवार को कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने बलूचिस्तान में अलग–अलग अभियानों में 23 आतंकवादियों को मार गिराया।

न्यूज़ वाणी
हिन्दी दैनिक
विज्ञापन बुकिंग हेतु
सम्पर्क करें। 9451548620

# सम्पादकीय

## माकपा के निशाने पर सुशासन बाबू

वैसे तो इन दिनों दिल्ली विधानसभा के चुनाव का प्रचार सारे देश में सुनाई दे रहा है। संसद का बजट सत्र भी शुरू हो गया है। जहां बीते दिनों केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार–3 का 2025–26 के लिए पहला पूर्णकालिक बजट पेश कर राजनीतिक के जानकारों के मुताबिक दिल्ली के साथ–साथ बिहार विधानसभा चुनावों को भी साधने की कोशिश की। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि बिहार विधानसभा के चुनाव इसी साल के अंत में प्रस्तावित हैं। जिसको लेकर उत्तर भारत के इस राज्य में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। राजद और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के साथ–साथ अभी कुछ ही दिन पहले राजनीति के मैदान में उतरे चुनावी रणनीतिकार पीके के नाम से मशहूर प्रशांत किशोर के निशाने पर विभिन्न मुद्दों को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही हैं और अब माकपा ने भ्रष्टाचार को लेकर कर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार पर बड़ा हमला किया है।



नफीस जाफरी

मालूम हो कि बिहार में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के विधायक अजय कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यह दावा करते नहीं थकते कि उनके शासनकाल में भ्रष्टाचार बिल्कुल नहीं है, लेकिन सच्चाई इसके उलट है। माकपा विधायक अजय कुमार ने कहा कि विधानसभा में यह मुद्दा बाकायदा उठाया जा चुका है कि नीतीश कुमार के कार्यकाल में 30–30 लाख रुपये लेकर सीओ की पोस्टिंग तक हो चुकी है। विधानसभा में विधायक यह मुद्दा उठाते रहते हैं कि जन्म, मृत्यु, आय और आवासीय प्रमाण पत्र सहित कोई भी सरकारी काम करवा लीजिए, कुछ भी पैसे लिए बिना नहीं हो रहा है, जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि हर विभाग में भ्रष्टाचार अब चरम पर पहुंच चुका है, लेकिन सुशासन बाबू को इन सबसे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने आरोप लगाए हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना में दलाल तीन से पांच हजार रुपये मांगते हैं। मैंने प्रशासन और शासन से जुड़े अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि अगर आपके अंदर इच्छाशक्ति हैं, तो निश्चित तौर पर इसे रोका जा सकता है। लेकिन अफसोस इस तरह की इच्छा शक्ति मौजूदा समय में किसी भी अधिकारी में देखने को नहीं मिल रही है, जिसका नतीजा है कि आज की तारीख में हर विभाग में भ्रष्टाचार है। माकपा नेता और विधायक अजय कुमार ने आगे कहा कि बिहार की मौजूदा स्थिति को देखकर अब यह मान लिया जाए कि यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का इकबाल खत्म हो चुका है। उनकी बात कोई नहीं मानता है। अब ऐसे में गरीब जनता के पास कोई विकल्प नहीं है। अब वे करें तो क्या करें. प्रदर्शन–विरोध के सिवाय वह और क्या कर सकती है? उन्होंने भ्रष्ट अधिकारियों की पिटाई करने वाले अपने बयान के संदर्भ में कहा कि भ्रष्टाचार के ऊपर डंडा चलाना गलत है क्या? अब कुछ एक हिस्से को वायरल किया जा रहा है, जबकि बाकी के हिस्से को हटा दिया गया है। कहा जा रहा है कि विधायक जी ने कहा कि पीठ फाड़ दो। इस तरह से बातें वायरल करना बिल्कुल गलत है। मैंने बहुत ही जिम्मेदारीपूर्वक कहा था कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ प्रदर्शन करो, प्रशासन से भी कहो, कार्रवाई करो, और अगर पिटाई करने की नौबत आए, तो जरूर पिटाई होनी चाहिए।

# आम बजट से साधी भविष्य की राजनीति



गुलफिशा खान

दिल्ली विधानसभा के लिए मतदान एक ही चरण यानी पांच फरवरी को वोट डाले जाएंगे। जबकि बिहार विधानसभा के चुनाव इसी साल के अंत में होने है और ऐसे में केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मोदी सरकार–3 का 2025–26 के लिए पहला पूर्णकालिक बजट पेश किया जाए तो उसमें चुनावी राज्यों के लिए कुछ न हो, ऐसा तो मुमकिन ही नहीं है। विदित हो कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विगत एक फरवरी को वित्त वर्ष 2025–26 का बजट पेश किया। वित्तमंत्री ने बजट भाषण की शुरुआत तेलुगु कवि और नाटककार गुराजादा अप्पा राव के प्रसिद्ध कथन कोई देश केवल उसकी मिट्टी से नहीं है, बल्कि देश उसके लोगों से है। मालूम हो कि यह मोदी सरकार 3.0 का पहला पूर्णकालिक बजट था। सरकार ने इस बजट में .षि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को विकास के चार इंजन बताए हैं। वित्तमंत्री ने इस बजट में वेतनभोगी करदाताओं के लिए बड़ा ऐलान किया। उन्होंने घोषणा की कि नई कर व्यवस्था में 12 लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। बजट में वित्तमंत्री ने किसानों के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य .षि योजना की घोषणा की। इससे देश के 100 जिलों के 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा। इसके साथ सरकार ने बिहार में मखाना पैदा करने वाले किसानों के लिए मखाना विकास बोर्ड के गठन का ऐलान किया है। वहीं कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को राहत देते हुए 36 दवाओं पर से टैक्स हटाने की घोषणा की। तो वहीं दूसरी ओर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इस आम बजट से मध्यवर्गीय परिवारों को बड़ा तोफहा दिया है. इसके साथ ही उन्होंने अपने बयानों से भविष्य की राजनीति को भी साधने का काम किया है। निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में इस बजट भाषण के दौरान जो कुछ भी घोषणाएं की हैं, उसके केंद्र में मध्य वर्ग ही प्रमुखता से रहा है। इस बजट भाषण में उन्होंने खास तौर पर दिल्ली से लेकर बिहार तक को कई सौगाते दी हैं। वित्त मंत्री ने बिहार के लिए कई अहम घोषणाएं की हैं। जबकि इनकम टैक्स में छूट



दिए जाने के ऐलान से दिल्ली और मुंबई जैसे महानगर में रहने वाले नौकरीपेशा लोगों को सबसे ज्यादा फायदा होने की उम्मीद भी है। कहा जा रहा है कि अब टैक्स में 12 लाख रुपये तक छूट मिलने से उनकी बचत बढ़ेगी और इसका असर उनके खर्च पर भी सकारात्मक रूप से दिखेगा। निर्मला सीतारमण का ये बजट भाषण दिल्ली के लिए ये इसलिए भी बेहद खास है क्योंकि यहां कुछ दिन बाद ही चुनाव होने हैं। नए इनकम टैक्स स्लैब का ऐलान करते ही मध्यवर्ग के ऊपर से टैक्स के बोझ को काफी हद तक कम कर दिया है। इस बजट ऐलान के बाद अब 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को कोई टैक्स नहीं देना होगा। जबकि इससे ज्यादा अगर आपकी आय है तो आपको टैक्स का भुगतान करना होगा। वित्त मंत्री ने 12 से ज्यादा की आय वाले लोगों के लिए टैक्स की दरों का भी ऐलान किया है। यानी अगर करदाता की टैक्सेबल इनकम 12 लाख रुपये से कम होगी, तो उसे इनकम टैक्स से सौ फ़ीसदी राहत मिल जाएगी, लेकिन जिन करदाताओं की टैक्सेबल इनकम 12 लाख से ज़्यादा होगी, उन्हें सभी स्लैबों के आधार पर टैक्स देना होगा। यानी, 4 लाख तक शून्य, 4 से 8 लाख तक 5 फ़ीसदी, 8 से 12 लाख तक 10 फ़ीसदी, 12 से 16 लाख तक 15 फ़ीसदी, 16 से 20 लाख तक 20 फ़ीसदी, 20 से 24 लाख तक 25 फ़ीसदी, और फिर 24 लाख से ऊपर की आय पर 30 फ़ीसदी टैक्स अदा करना होगा। राजनीति के जानकार बताते हैं कि इस बजट में जिस तरह की लोकलुभावने घोषणाएं की गई हैं उससे आने वाले चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा फायदा हो सकता है। इस बार के बजट में बिहार पर भी खास तौर पर फोकस किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बिहार के लिए घोषणाएं करते हुए कहा कि हम यहां मखाना बोर्ड की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता और आईआईटी पटना की क्षमता बढ़ाने के लिए फंड का ऐलान कर रहे हैं। इस बजट से दिल्ली जैसे महानगर में रहने वाले शहरी गरीबों पर भी विशेष तौर पर ध्यान दिया गया है। साथ ही मध्यवर्गीय परिवारों को टैक्स में राहत दी गई है। नए टैक्स स्लैब के तहत अब 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इसका फायदा सीधे तौर मिडिल क्लास और नौकरीपेशा लोगों को होगा. उनकी क्रय शक्ति और बचत बढ़ेगी। इस बार के बजट में बिहार जैसे राज्यों जहां इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं, को लेकर खास घोषणाएं हो सकती है इसका संकेत उस समय ही मिल गया था जब वित्त मंत्री बजट पेश करने के लिए मधुबनी पेंटिंग वाली साड़ी पहनकर निकली थी। उसी समय राजनीति के जानकार ये कहने लगे थे कि निर्मला सीतारमण द्वारा मधुबनी पेंटिंग बनी इस साड़ी को पहना कोई संयोग मात्र नहीं हो सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि वित्त मंत्री ऐसा करके इसी साल होने वाले बिहार चुनाव को लेकर अपनी पार्टी के लिए जमीन तैयार करती दिख रही हैं। बिहार में इस बार के चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी अपने घटक दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की तैयारी में है।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव–दिग्गजों ने झोंकी ताक़त, एक दूसरे पर खूब किए प्रहार!



फरीद वारसी

आज शाम को दिल्ली विधानसभा चुनाव का प्रचार समाप्त हो जाएगा। मालूम हो कि दिल्ली के विधानसभा का चुनाव एक ही चरण में पांच फरवरी को होगा और चुनाव परिणाम आठ फरवरी को आएंगे। वहीं संसद का बजट सत्र भी शुरू हो गया है। जिसमें सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच काफी गहमागहमी होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। वहीं इससे पूर्व दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आप, भाजपा और कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है और इस दौरान उक्त दलों के नेता ने खूब एक दूसरे पर प्रहार किए और अपने–अपने वादे किए। मालूम हो कि जनवरी के आखिरी दिन दिल्ली चुनाव और तीखा हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारका में रैली कर दिल्ली के विकास का रोडमैप पेश किया। वहीं आम आदमी पार्टी पर करारा वार भी किया। अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तो लगातार रैलियां कर ही रहे हैं, मगर बीते दिनों राहुल गांधी ने अरविंद केजरीवाल पर अब तक का सबसे तीखा हमला किया। वहीं पहली बार बीते शुक्रवार को प्रियंका गांधी भी दिल्ली के चुनाव में उतरीं और उनके निशाने पर भाजपा के साथ अरविंद केजरीवाल रहे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोला। दिल्ली विधानसभा चुनाव में पहली बार चुनावी प्रचार में उत्तरी प्रियंका गांधी ने भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी पर दिल्ली को बर्बाद करने का आरोप भी लगाया और कहा कि ये दोनों दल जिम्मेदारियों से भागते हैं और बहाना बनाते हैं। उन्होंने पहले नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी रोहित चौधरी के लिए रोड शो किया और फिर मुस्तफाबाद में कांग्रेस उम्मीदवार अली मेहंदी के लिए चुनावी सभा को संबोधित किया। मुस्तफाबाद की सभा में प्रियंका गांधी ने कहा , नेता तो राहुल गांधी हैं जो आपके लिए 4000 किलोमीटर पैदल चले। उन्होंने कहा कि दिल्ली में नेता शीला दीक्षित थीं, जिन्होंने बहुत काम किया लेकिन आज उसी दिल्ली को क्या बना दिया गया है। जहां तक राहुल गांधी का सवाल है तो कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर फिर निशाना साधा और कटाक्ष करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक राजनीति में वैगनआर गाड़ी में आए और सीधे शीशमहल की पार्किंग में चले गए। राहुल गांधी ने मादीपुर की एक चुनावी सभा में यह आरोप भी लगाया कि केजरीवाल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने भाषणों में सिर्फ झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा, मैं वही वादा करता हूं, जो किया जा सकता है। हम मनरेगा योजना लाए, किसानों का कर्ज माफ किया, दिल्ली में लाईओवर बनवाए, विकास का काम किया, लेकिन कभी झूठे वादे नहीं किए। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के मुखिया ने करोड़ों रुपये का घर बनाया, भ्रष्टाचार किया और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के सारे विकास के काम बर्बाद कर दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम आदमी पार्टी (आप) पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर दिल्ली के विकास को रोकने और अन्य राज्यों में अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी को ''राजनीतिक एटीएम'' में तब्दील करने का आरोप लगाया. दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर द्वारका में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी के मतदाताओं से कहा कि वे 'डबल इंजन' सरकार बनाकर मोदी को दिल्ली की भी सेवा करने का मौका दें। प्रधानमंत्री ने







राष्ट्रीय राजधानी के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, ''मैं गारंटी देता हूं कि भाजपा सरकार दिल्ली की प्रगति में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा, ''आप–दा वालों ने दिल्ली को अपनी राजनीति चमकाने का एटीएम बना दिया है। आप–दा वालों ने दिल्ली का पैसा निचोड़ लिया है, लूट लिया है. दिल्ली में घोटाले करके ये आप–दा वाले कालेधन से देश के दूसरे राज्यों में राजनीति चमकाते हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और उसके ''शाही परिवार' पर आदिवासी पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अनादर करने का आरोप लगाया। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन करते हुए 70 में से 60 से अधिक सीट पर जीत हासिल करेगी। पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पहले ही हार मान ली है। उन्होंने कहा, ''भाजपा ने अपनी हार स्वीकार कर ली है। यदि हर वोट भाजपा की 'गुंडागर्दी' के खिलाफ झाड़ू (आम आदमी पार्टी का चुनाव चिह्न ) को जाता है, तो हम एक बार फिर 60 सीट के आंकड़े को पार कर जाएंगे। केजरीवाल ने मतदाताओं को यह भी चेतावनी दी कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह 'आप' के नेतृत्व वाली सरकार की मुत कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर देगी, जिसमें मुत बिजली, पानी और महिलाओं के लिये मुत बस यात्रा शामिल है। तो वहीं दूसरी ओर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के पास पैसे नहीं हैं और वह केवल प्यार बांट सकती है। मान का यह बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले निर्वाचन आयोग की एक टीम यहां पैसे बांटे जाने के आरोप को लेकर उनके आधिकारिक आवास कपूरथला हाउस की तलाशी लेने पहुंची थी। आप और निर्वाचन आयोग के बीच आरोप–प्रत्यारोप के बीच बृहस्पतिवार को उड़नदस्ता यहां कोपरनिकस रोड स्थित कपूरथला हाउस से खाली हाथ लौट आया और उसने दावा किया कि प्रवेश द्वार पर ताला लगा था, ऐसे में तलाशी नहीं की जा सकी। कोंडली में आप प्रत्याशी कुलदीप कुमार के पक्ष में प्रचार करते हुए मान ने निर्वाचन आयोग से पूछा कि उसे कपूरथला हाउस की तलाशी में क्या मिला। उन्होंने कहा कि आप पैसे से नहीं, बल्कि प्यार से चुनाव जीतती है। उन्होंने कहा, '' हम बस प्यार बांटते हैं, हमारे पास पैसे नहीं हैं।

## निर्मल मन से सुननी चाहिए कथा : आचार्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां विकास खंड के बादिलपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथावाचक आचार्य राजेश अवस्थी ने प्रद्युम्न जन्म समरा सुर वध भगवान के विवाहों की कथा के




साथ ही कथा का महत्म्य बताया। उन्होंने सुदामा चरित्र द्वारा मित्रता का प्रसंग सुनाया तो परीक्षित मोक्ष की कथा सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि कथा सुनने से भगवान की भक्ति करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। निर्मल मन से जो भक्त आराधना करता है उसे ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस मौके पर कथा परीक्षित शिशुपाल सिंह प्रधान, गौरव सिंह नीतिश सिंह, जगतपाल सिंह, धनपाल सिंह, .पा शंकर तिवारी, उमाशंकर सूर्य प्रकाश आदि रहे।

## अनियंत्रित बाइक सवार दो युवक गिरकर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी फतेहपुर। रात में तेज रतार अनियंत्रित केटीएम बाइक सवा दो युवक गिरकर गंभीर घायल हो गए बाइक से गिरने के बाद दोनों युवक कम से कम 100 मीटर तक घिसटते चले गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची पुलिस ने घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार शनिवार व रविवार की मध्य रात करीब 1 बजे केटीएम बाइक में सवार दो युवक आयुष उम्र 19 वर्ष पुत्र राजेश कुमार तथा रचित कुमार उम्र 20 और पुत्र धर्मेंद्र दोनों निवासी कोराई कांधी थाना मलवा जनपद के ललौली चौराहे में स्पीड ब्रेकर में अनियंत्रित होकर दूर जा गिरे पूरा मामला चौराहे में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया गिरने के बाद दोनों युवक बाइक समेत लगभग 100 मीटर से अधिक दूर फिसल कर गिरे दुर्घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की में भर्ती कराया गया चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया पुलिस के अनुसार दोनों युवक किसी निमंत्रण में आए थे।

## तीन दिन विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियन्ता कुमार विकल्प ने बताया कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु चार, पांच व छह फरवरी को दस बजे से दो बजे तक 132 केवी पारेषण उपकेन्द्र मलवां में स्थापित 33 केवी बसवार को बदलने हेतु एवं पोषकवार उत्पन्न हो रही कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक अनुरक्षण का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इसलिए 132 केवी पारेषण उपकेन्द्र मलवां से पोषित 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र फतेहपुर, बिन्दकी रोड–1, रावतपुर, बिन्दकी रोड–द्वितीय एवं मलवां के उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## कोल्ड स्टोरेज में व्यापारियों ने समस्याओं को लेकर की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी तहसील के मौहार गांव स्थित जीत कोल्ड स्टोरेज में किसान उत्पादक संगठनों, किसानो, व्यापारियों की एक बैठक हुई जिसमें शीत ग्रह में आलू भंडारण के संदर्भ में जानकारी दी गई बताया गया कि रखरखाव अमोनिया गैस की कीमतें बढ़ाने के कारण महंगा हो गया है आलू 280 रुपए प्रति कुंतल से बढ़कर 300 शुगर फ्री व चिप्स सोना आलू का भाड़ा 320 रुपए से बढ़कर 340 रुपए प्रति कुंतल हो गया है जिससे किसानों की जेब पर अतिरिक्त वोट पड़ेगा किसानों की लागत महंगी होने से मैं आलू के दाम भी बढ़ेंगे जीत कोल्ड स्टोरेज के मालिक जितेंद्र सिंह जीतू ने बताया वह किसानों के साथ हर तरीके से सामंजन स्थापित कर





रहे हैं अन्य जिलों के किसानों को प्राथमिकता के साथ–साथ क्षेत्रीय किसानों को भी समय के साथ आलू का भंडारण कराए जाने के लिए उनसे पूर्व की बात ही दम लिया जाएगा जिससे किसानों में एक खुशी की लहर दौड़ गई इस मौके पर एपल कंपनी के आए हुए प्रतिनिधियों ने किसानों को आलू की विभिन्न प्रजातियों के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि आलू उत्पादन के साथ भंडारण मे एपीएल कंपनी के सहयोग से आप अपनी आलू को अंकुरण मुक्त सुरक्षित रख सकते है। इस मौके पर विभिन्न गांव से आए हुए किसानों ने प्रतिभाग करते हुए जानकारी प्राप्त किया। प्रमुख रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह गौतम, सचिन सिंह, अरुण शुक्ला, रुद्रपाल सिंह, मनोज सिंह, बाबूराम यादव, शिव शंकर सिंह, मोहित सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# सर्वेयरों को योजना के पात्रता मानको की दी जाए विस्तृत जानकारी : डीएम

## – डीएम ने पीएम आवास योजना 2.0 की बैठक लेकर दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 के अन्तर्गत जनपद के 1238 ग्राम पंचायतो में चल रहे आवास प्लस 2024 सर्वे की समीक्षा बैठक राइफल क्लब कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई है। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, राजेश यादव परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, उपायुक्त (मनरेगा), जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज एवं समस्त विकास खण्डो के खण्ड विकास अधिकारी उपस्थिति रहें है। जिलाधिकारी द्वारा विकास खण्डवार आवास प्लस 2024 सर्वे की प्रगति की समीक्षा की गयी। खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि सर्वेयरो को योजना के पात्रता मानको की विस्तृत जानकारी दें तथा खण्ड विकास अधिकारी स्वयं प्रतिदिन ग्रामपंचायत में भ्रमण करके सर्वे का स्वयं स्थलीय सत्यापन करें तथा यह सुनिश्चित करायें कि किसी अपात्र व्यक्ति का नाम किसी भी दशा में सर्वे में सम्मिलित न हो तथा कोई आवासविहीन परिवार सर्वे में सम्मिवित होने से वंचित न रह जाय। उन्होने बताया कि यदि किसी ग्राम पंचायत व विकास खण्ड में अपात्रो के सर्वे की जानकारी प्राप्त होगी तो सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सर्वे का गुणवत्तापरक किया जाना है। प्रत्येक खण्ड विकास अधिकारी प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक सत्यापन रिपोर्ट जनपद मुख्यालय को प्रस्तुत करेगें। जनपद में 01 फरवरी की तिथि तक 18493 आवासविहीन परिवारो को सर्वे किया गया है, जिसमें 15212 सर्वे सरकार द्वारा तैनात किये गये सर्वेयर द्वारा तथा 3281 सर्वे सम्भावित लाभार्थियो द्वारा स्वयं किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक सर्वेयर, सम्भावित लाभार्थी के परिवार की स्पष्ट जानकारी प्राप्त करे ले, सर्वे में भरी जा रही सूचनायें सही–सही जानकारी प्राप्त करके सही–सही भरें, जिरो प्रावार्टी के सर्वेक्षित लाभार्थियो में आवास विहीनो का सर्वे, विभिन्न स्रोतो के आई.जी.आर.एस. प्रकरणो में पात्र पाये गये लाभार्थियो, पति की मृत्य के उपरान्त निराश्रित महिला, दिव्यांगजन व परित्यक्ता महिलाये, यदि आवासविहीन है तथा सम्भावित लाभार्थी कही सरकारी जमीन पर कब्जा हेतु झोपड़ी तो नही बनाया है, की जानकारी राजस्व लेखापाल सें कर लें, ताकि सर्वे में किसी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। जिलाधिकारी द्वारा यह बताया गया है कि भारत सरकार द्वारा कराया जा रहा यह सर्वे आवास एप के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें सेल्फ सर्वे का भी सुविधा उपलब्ध है, कोई भी आवासविहीन पात्र व्यक्ति गूगल प्ले स्टोर से आवास प्लस–2024 सर्वे एप डाउलोड करके अपना सर्वे कर सकता है। प्रत्येक खण्ड विकास अधिकारी सर्वे का व्यापक–प्रचार प्रसार करते हुए सर्वे का पूर्ण पारदर्शी व्यवस्था के अन्तर्गत गुणवत्तापरक दिनांक 28 फरवरी, 2025 तक पूर्ण करा ले। सर्वे में किभी स्तर पर किसी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता व अपात्रो का सर्वे प्रकाश में आने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।



# फीता काटकर शोरुम का हुआ भव्य उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। मिश्रिख कस्बे के सिधौली रोड पर पत्रकार ज्ञानेंद्र मौर्य द्वारा अपने प्रतिष्ठान जीमार्ट के दूसरी मंजिल का भव्य उदघाट्न अनुराग मिश्रा पवन पतौजा द्वारा फीता काटकर किया गया। ज्ञानेंद्र मौर्य ने बताया कि रेडीमेड गारमेंट, शूटिंग, शर्टिंग सहित तमाम ब्रांडेड कपड़े उचित मूल्य पर जिमार्ट शोरूम



में उपलब्ध है। इस मौके पर मिश्रिख तहसील के पत्रकार श्रवण कुमार मिश्रा, सुदीप मिश्रा, विमल मिश्रा, कौशलेंद्र तिवारी, शुभम शुक्ला, रामू राजवंसी, दीपू, रवि शंकर सहित तमाम आगंतुक उपस्थित रहे।

# पीडीए जनसंपर्क अभियान के तहत अतुल ने किया जनसंपर्क

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। विधानसभा लहरपुर क्षेत्र में चल रही समाजवादी पीडीए जनसंपर्क अभियान के तहत क्षेत्र की विकास



खण्ड परसेंडी की ग्राम पंचायत गोड़रिया में ग्राम जमुनापुर, हर्रायपुर, गोड़रिया, कोडरीपुरवा, रमपुरवा में सपा विधायक अनिल वर्मा के सुपुत्र अतुल वर्मा ने गांव–गांव जाकर जनसंपर्क किया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी लोग शिक्षित बनो तभी आपके बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा, उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बने हुए संविधान की सराहना की। जनसंपर्क अभियान में उन्होंने निराश्रित पशुओं को लेकर गहरी चिंता प्रकट करते हुए कहा कि किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए खेतों में 24 घंटा निगरानी कर रहे हैं। फिर भी थोड़ा सा मौका मिलते ही पशु फसलों को चट कर जाते हैं। जनसंपर्क अभियान में उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना की। पीडीए जनसंपर्क अभियान में प्रमुख रूप से इंद्रपाल चौधरी सदस्य जिला पंचायत, पंकज भार्गव प्रधान, प्रहलाद कुमार कन्नौजिया जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, बैजनाथ भार्गव पूर्व प्रधान, सतीश राजपूत, बबलू राजपूत, महेंद्र राजपूत, मुन्ना गौतम, कल्लन अंसारी, दिनेश यादव, डॉ0 धर्मेंद्र यादव, रामपाल राजपूत पूर्व बीडीसी सहित भारी संख्या में ग्रामीण व सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महोत्सव में शंकर तांडव व मेरी देश की धरती सोना उगले पर झूमे जनपदवासी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद महोत्सव के द्वितीय दिवस के मध्यान्ह के सांस्कृतिक कार्यक्रम जिला प्रशासन के निर्देशन में पी.डी. जैन इंटर कॉलेज के



मैदान में आयोजित किए गए। कार्यक्रम का प्रारम्भ जिला पंचायत राज अधिकारी जगदीश राम गौतम, धनराज, प्रभात कुमार, नवीन कुमार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। मध्य में पत्रकार सम्मेलन में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, सिटी मजिस्ट्रेट रवि शंकर प्रसाद, सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र कुमार, उप.षि निदेशक एस पी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन ने सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांस्तिक कार्यक्रमों का सफल संचालन करते हुए अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि मध्यान्ह के सांस्तिक कार्यक्रम माध्यमिक शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा विभाग के तत्त्वाधान में तक आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें द्वितीय दिवस की प्रस्तुति में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नगला बल्ल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, कस्तूरबा इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती गीत गायन, देश भक्ति गीत पर प्रस्तुति, एमजी बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गान, मेरे राम आए हैं की प्रस्तुति, गिरधारी इंटर कॉलेज सिरसागंज की छात्राओं ने मेरे देश की धरती सोना उगले, क्षेत्रिय इंटर कॉलेज, सिरसागंज की कु वंशिका ने डोला रे डोला, सेंट एसडी मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों ने शंकर तांडव नृत्य, सिर पर हाथ, केसरी के लाल, ब्रज की होली की प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में संजीव कुमार, संतोष पाल, सरिता सिंह, ममता, अंजली शुक्ला, तन्वी गुप्ता, विनीता सिंह, रीमा सिंह, चेतेन्द्र प्रताप सिंह, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, शिवकांत पलिया, प्रशान्त वशिष्ठ, दिनेश राजा, चेतन दीक्षित, जयवीर सिंह एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, समाजसेवी, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने ट्रामा सेंटर का किया औचक निरीक्षण

## – ट्रामा सेंटर के अधीक्षक सहित डाक्टर मिले अनुपस्थित

न्यूज वाणी ब्यूरो

कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के नरसिंहपुर कछुआ में नेशनल हाईवे किनारे मरीजों की सुविधाओं के लिए लाखों रुपए की लागत से ट्रामा सेंटर बनवाया गया। जिसका शुभारंभ सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने लगभग दो वर्ष पहले किया था। ट्रामा सेंटर के उद्घाटन के बाद अधीक्षक सहित डाक्टरों व कर्मचारियों की भी तैनाती की गई थी जिससे नेशनल हाईवे पर हुए दुर्घटनाओं से मरीजों को त्वरित सुविधा मिल सके लेकिन ट्रामा सेंटर के अधीक्षक व डाक्टरों की लापरवाही के चलते ट्रामा सेंटर की व्यवस्था चौपट हो चुकी है, कारण अधीक्षक सहित तैनात डाक्टर खुद के निजी अस्पताल में बैठते है और ट्रामा सेंटर की ओर ध्यान नहीं देते जिससे मरीजों को सिराथू के सरकारी अस्पताल या फिर सीधा जिला अस्पताल के लिए भेजा जाता है। पिछले दिनों एडिशनल सीएमओ के निरीक्षण के दौरान भी ट्रामा



सेंटर के डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए थे। वहीं रविवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार ने सिराथू तहसील क्षेत्र के नरसिंहपुर कछुआ में स्थापित ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया। सीएमओ के निरीक्षण के दौरान ट्रामा सेंटर में कर्मचारी तो उपस्थित पाए गए लेकिन अस्पताल में तैनात अधीक्षक सहित डाक्टर अनुपस्थित पाए गए। इस दौरान सीएमओ ने नाराजगी जाहिर करते हुए अधीक्षक को लापरवाही के आरोप में चेतावनी देते हुए तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण जारी कर जवाब मांगा है साथ ही सीएमओ ने ट्रामा सेंटर के अधीक्षक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु प्रमुख सचिव सहित उच्चाधिकारियों को पत्र भेजने की बात कही है।

# विश्व लैण्ड दिवस पर बर्ड वॉच डे कार्यक्रम व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। अन्तर्राष्ट्रीय विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर शिकोहाबाद तहसील के अन्तर्गत वन विभाग द्वारा रपड़ी वन ब्लाक में रपड़ी ईको पर्यटन केन्द्र, पर इन्द्रजीत सिंह अध्यक्ष जे0एफ0एम0सी0 एवं जे0एफ0एम0सी0 के अन्य सदस्य तथा प्रमोद कुमार यादव, ग्राम प्रधान, रपड़ी की उपस्थिति में विश्व वेट लैण्ड दिवस की थीम हमारे सामान्य भविष्य के लिए आर्द्रभूमि की रक्षा पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किये गये।



कार्यक्रमों की श्रंखला में बर्ड वॉच डे कार्यक्रम, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजना किया गया। समस्त कार्यक्रमों में स्कूल बच्चों तथा स्थानीय जन सामान्य द्वारा बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को रपड़ी ईको टूरिज्म के भ्रमण व पक्षियों के चित्रों की प्रदर्शनी के साथ–साथ नेचर ट्रेल का भी भ्रमण कराया गया। इसी दौरान स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को प्रभागीय निदेशक,सा0वा0 प्रभाग द्वारा पुरूस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जन सामान्य एवं स्कूली बच्चों को विकास नाय, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय विश्व आर्द्रभूमि दिवस, बर्ड वॉच डे के महत्व के साथ–साथ स्थानीय पक्षियों एवं वर्तमान में रपड़ी में आये प्रवासी पक्षियों के बारे में भी अवगत कराया गया। इसी क्रम में उप प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा भी स्कूली बच्चों एवं उपस्थित जनसमूह को बर्ड वॉच डे के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में इन्द्रजीत सिंह अध्यक्ष जे0एफ0एम0सी0, अन्य सदस्य एवं प्रमोद कुमार यादव, ग्राम प्रधान, रपड़ी तथा विकास नायक, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग आशुतोष पाण्डेय, प्रधानाचार्य स्वामी दयाल, इण्टर कॉलेज, वेवर, मैनपुरी, अनुज कुमार, बायोलोजिस्ट, पालीवाल पी0जी0 कॉलेज शिकोहाबाद, अखिलेश कुमार पटेल उप प्रभागीय वनाधिकारी, रविन्द्र कुमार भदौरिया, उप प्रभागीय वनाधिकारी शिकोहाबाद, मोहित कुमार यादव क्षेत्रीय वन अधिकारी सिरसागंज, स्कूली बच्चे एवं जन सामान्य के साथ–साथ अन्य वन विभाग स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# एसआरके पीजी कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया स्थापना दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। बसंत पंचमी के पावन पर्व पर एसआरके (पीजी) कॉलेज में माँ सरस्वती की आराधना के साथ ही हवन पूजन कार्यक्रम और सुन्दकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इसके उपरांत विशाल भण्डारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया तथा महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं के साथ ही सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमार सीरौठिया ने



कहा कि, एस०आर०के० शिक्षण संस्थान की स्थापना सन् 1919 में आज ही के दिन हुई थी इसके पश्चात 1939 में इण्टरमीडिएट तथा वर्ष 1959 में डिग्री कॉलेज के रूप में संबद्धता मिली। तब से यह शिक्षण संस्थान पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा का एक प्रमुख केन्द्र बना हुआ है। यह महाविद्यालय 7.5 एकड़ परिसर में कई स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम प्रदान करता है। वर्तमान में महाविद्यालय अपने अनुशासन एवं उच्च श्रेणी के शिक्षण कार्य के लिये जाना जाता है। प्रोफे० सीरौठिया ने कहा कि उन्होंने, अपने कार्यकाल में प्रवेश एवं परीक्षा संबंधी प्रक्रिया को पूर्णतः न्यायिक एवं पारदर्शी बनाया है। महाविद्यालय स्थापना दिवस के अवसर पर अन्य मेधावी छात्र–छात्राओं को प्राचार्य द्वारा भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रोफे० रवि महेश्वरी, प्रोफे० एम०ए० सिद्दीकी, प्रोफे० प्रशान्त अग्रवाल, प्रोफे० रश्मि जैन, पंकज भारद्वाज, डॉ० अमित कुमार शर्मा, डॉ० नवीन कुमार लवानियाँ, सुबोध कुमार, व्योमेश यादव, बृजेन्द्र मिश्र, डॉ० लीना बंसल, रितु शर्मा, डॉ० वन्दना सिंह, नित्य प्रकाश, पवन तैनगुरिया, सुखवीर सिंह व अन्य उपास्थित रहे ।

# डीजे पर डांस के दौरान दंपति को दबंगों ने पीटा, भाई पर चाकू से हमला

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। शहर के मोहल्ला किला में शनिवार रात को बारात में डीजे बज रहा था इसी दौरान मोहल्ला निवासी दंपति की कुछ लोग पिटाई कर रहे थे। बचाने आए युवक पर चाकू से हमला कर दिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली नगर के मोहल्ला किला में शनिवार रात को एक बारात आई। जिसमें डीजे बज रहा था। डीजे बजने के दौरान एक युवक नाली में गिर गया। उसे रात 11 बजे मोहल्ले के लोग बाहर निकाल रहे थे। तभी दबंगों ने रंजिश में मोहल्ला निवासी रामदीन के बड़े बेटे और बहू बसंती की पिटाई शुरू कर दी। बचाने आए अनुज (25) पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवक जमीन पर गिर गया। इससे भगदड़ मच गई। आसपास के लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां

# गोसंरक्षण के नाम आवंटित धन का हो रहा बंदरबांट

## – गौशालाओं में कैद मवेशी भूख से तोड़ रहे दम

फोटो परिचय–11

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिलाधिकारी जे0 रीभा के आदेश के बाद भी जिले की गौशालाओं की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं सूत्रों की मानें तो प्रधान और सचिव उच्च अधिकारियों से गठजोड़ करके गौशालाओं के नाम आवंटित धन का बंदरबांट कर माला माल हो रहें हैं और तो और गौवंश की संख्या में हेराफेरी कर ज्यादा पशु बताकर संख्या से अधिक गोवंशो की डिमांड लगाई जा रही है और सरकार के चौकीदार कुम्भकरणी नींद में सोए हुए हैं या यूं कहें कि सबकी मिलीभगत से सरकार को चूना लगाया जा रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण नरैनी क्षेत्र के पुकारी गांव में देखने को मिला। जहां लगभग डेढ़ सैकड़ा मवेशियों की अधिक डिमांड लगाई गई है। परंतु अभी तक कोई कारवाई नहीं हुई है।

जसपुरा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत गाजीपुर में संचालित अस्थाई गौशाला के हालात बेहद खराब है जहां गौशाला में सिर्फ गोवंशों को सूखी पराली (पैरा) खिलाकर




पशुओं को गौशाला में कैद किए हुए हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि गौशाला के अंदर ही गोवंशों के कंकाल देखने को मिले हैं। गौशाला के अंदर बनी हुई खाने वाली चरही पर सिर्फ सूखी पराली पड़ी हुई है विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के पैलानी तहसील अध्यक्ष पवन कुमार द्विवेदी अपनी टीम के साथ गौशाला में पहुंचे और देखा की गौशाला की हालत देखकर ऐसा लगता है कि गोवंशों के साथ यातना दी जा रही है। गौशाला संचालकों की लापरवाही से गौशाला में कैद गोवंश कुपोषण के शिकार होकर दम तोड रहे है। लगातार जानकारी देने के बाद भी गौशाला में किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही गौशाला के अंदर दो गोवंश मृत अवस्था में मिले गौशाला के नाम पर धन का बंदर बांट किया जा रहा है तिंदवारी ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत नरी में संचालित अस्थाई गौशाला में भगवान भरोसे गोवंशों को छोड़ दिया गया है बाहर से ताला लगा हुआ है और गोवंश तिनका बीन बीन अपना पेट भर रहा है। अधिकारी सिर्फ अपना बंदर बांट करके पेट भर रहे है। किसी भी गौशाला में रजिस्टर नहीं मिले की गोवंश कितने दर्ज हैं कितने गोवंशों की मृत्यु हुई है। इसकी जानकारी किसी गौशाला में उपलब्ध नहीं मिलती है।

## दरवाजा लगाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव में मकान में दरवाजा लगाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसके चलते आधा दर्जन लोग लहूलुहान हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

रविवार को मोहनपुर गांव का बीरेंद्र कश्यप पुत्र पुतनी ग्राम समाज की जमीन पर अपना मकान निर्माण कराते हुए दरवाजा लगा रहा था। इस बात का विरोध उसके सामने रहने वाले पड़ोसी




छेदीलाल पुत्र मोतीलाल कश्यप करने लगा। दोनों के बीच में आने जाने के लिए रास्ता था। इसलिए वह उसे दरवाजा लगाने को मना कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी शुरू हुई। जिस पर पास पड़ोस के रहने वाले लोगों के समझाने के बाद दोनों शांत हो गए। छेदीलाल यहां पर अकेला रहता है बाकी उसका परिवार प्रतापगढ़ जनपद के मानिकपुर थाना क्षेत्र के परियावां में रहता है। छेदी ने फोन से मकान निर्माण की बात परिवार वालो को बताया। जिस पर वहां से उसका पुत्र चंद्रभवन, भवन, रामभवन, अमित, अजय व रवि पुत्र भवन, राहुल पुत्र भैयालाल आए और मकान बना रहे बीरेंद्र को मारने पीटने लगे। बीरेंद्र को पिटता देख उसके परिवार के अन्य सदस्य उसे बचाने के लिए पहुंचे। उसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें बीरेंद्र पुत्र पुतनी, उसका भाई पूर्व प्रधान रामप्रसाद पुत्र पुतनी, सचिन पुत्र रामप्रसाद, लता देवी पत्नी मदन, सोनू पुत्र राजाराम, सुरेंद्र पुत्र पुतनी व दूसरे पक्ष से चंद्र भवन पुत्र छेदीलाल घायल हो गए। मारपीट की सूचना पर मौके पर पहुंची कोखराज पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मारपीट के बाद दूसरे पक्ष के सभी हमलावर भाग गए।

## बसंत पंचमी पर गायत्री शक्तिपीठ में पांच कुंडीय यज्ञ संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। गायत्री शक्तिपीठ अलीगंज में बसंत पंचमी के अवसर पर पांच कुंडीय यज्ञ के साथ बसंत पर्व मनाया गया। इस दौरान 2 पालियों में कुल 300 गायत्री परिवार के सदस्यों ने हवन कुंड में आहूतियां प्रदान की। मौके पर पंडित बृजेश त्रिपाठी परिवाजक राम सिंह देवालय प्रबंधन नवीन निगम ने ने गायत्री मंत्र के अलावा इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की कुशल कामना के लिए महामृत्युंजय मंत्र, गौ वंश संरक्षण के लिए मंत्र तथा राष्ट्र संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए विशिष्ट मंत्र से आहुतियां प्रदान की गयी। इस संबंध में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी रवि दोसर ने कहा कि बसंत पर्व के दिन ही 1926 में गायत्री परिवार के संस्थापक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य को उनके दिव्य गुरू उनकी साधना कक्ष में आकर उन्हें दीक्षा दिये थे। उस दिन से जली दीपक आज तक जली हुई है, और अखंड ज्योति के नाम से जानी जाती है। 2026 के बसंत पर्व पर इसकी शाताब्दी मनायी जायगी। इसे लेकर गायत्री परिवार के सदस्यों ने संकल्प लिया है कि 2026 तक गायत्री परिवार का संदेश जनपद के हर गांव तक पहुंचाएंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती राम जानकी श्रीमती गीता अवस्थी श्रीमती सुधा श्रीमती अखिलेश शिवहरे अनीता सिंह श्रीमती विद्या श्रीमती सविता श्रीमती साधना निगम आनंद खरे राम प्रकाश खरे ओम और नमन दोसर डॉ एसपी गुप्ता नीलू निगम सुरेश कान्हा सहित अन्य का सराहनीय सहयोग रहा।

# चकचटगन में मिली लाश का खुलासा, चार गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में 18 जनवरी को बरामद व्यक्ति के शव की घटना का थाना कोतवाली देहात पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए रविवार को घटना में शामिल चार अभियुक्तों को गिरतार कर लिया। गौरतलब हो कि 15 जनवरी को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम चकचटगन की रहने वाली महिला जानकी पत्नी राजू निषाद ने थाना कोतवाली देहात पर अपने ससुर पुन्ना के गुम होने की सूचना दी थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। इसी दौरान 18 जनवरी को ग्राम चकचटगन में केन नदी के पास व्यक्ति का शव बरामद हुआ। जिसके सम्बन्धा में मृतक के पुत्र ने 22 जनवरी को थाना कोतवाली देहात में गांव के ही फूलचन्द्र व उसके साथियों के विरुद्ध तहरीर दी गई जिस पर थाना कोतवाली देहात में मु0अ0सं0 13/25 अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्तों की गिरतारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में रविवार को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर घटना में चार अभियुक्तों फूलचन्द्र पुत्र महाबीर निषाद, कैलाश निषाद पुत्र शिवराम निषाद, सविता पत्नी सुशील निषाद व रानीबाई पत्नी बाबूराम उर्फ बाउवा निषाद निवासीगण चकचटगन थाना कोतवाली देहात को ग्राम दरदा एक्सप्रेस वे चौराहा से गिरतार कर लिया गया। पूछताछ में मुख्य



अभियुक्त फूलचन्द्र द्वारा बताया गया कि मृतक पुन्ना का उसके भतीजे सुशील की पत्नी सविता से अवैध सम्बन्ध था जिसके जानकारी होने पर उसने अपने साथी कैलाश, सविता व रानीबाई के साथ पुन्ना के हत्या की योजना बनाई। 13 जनवरी को पार्टी के बहाने से बुलाया और मारपीट कर अधमरा कर उसके हाथ पैर बांधकर सरसो के खेत में फेक दिया था दो दिन तक पुन्ना खेत में ही पड़ा रहा। जब पुन्ना की ज्यादा खोजबीन होने लगी तब चारों अभियुक्त 15/16 जनवरी की रात्रि को खेत में जाकर देखा तो पुन्ना जिन्दा था तब पुनः वे लोग उसे पीट–पीटकर जान से मार डाला। शव को साइकिल पर रखकर केन नदी के किनारे बालू में दफनाकर मोबाइल फोन व सदरी जला दिया था। अभियुक्तों की निशादेही पर मृतक के जले हुए मोबाइल फोन के अवशेष व घटना मे शामिल साइकिल को बरामद किया गया। बता दें कि मुख्य अभियुक्त फूलचंद्र को वर्ष 2012 में अपनी पत्नी की हत्या के मामलें में आजीवन कारावास की सजा हुई है तथा वह वर्तमान में उच्च न्यायालय से जमानत पर बाहर था। अभियुक्त कैलाश पर 2002 में हत्या व 2009 में गैंगस्टर एक्ट का मामला पहले से दर्ज हैं। मृतक की चप्पल मृतक के जले हुए मोबाइल फोन के अवशेष एक साइकिल एटलस गोल्ड घटना में प्रयुक्त बरामद हुई है। गिरतार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कोतवाली देहात आनन्द कुमार, उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव, कां0 दीपक अहिरवार, कां0 प्रवेश पटेल, म0कां0 रेनू देवी, म0कां0 आरती शामिल रहीं।

## नाली निर्माण न होने से घर में जा रहा गंदा पानी, शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

कौशाम्बी। नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के वार्ड नं 14 रामनगर में सड़क चौड़ीकरण के बाद नाली का निर्माण न होने से गंदा पानी मोहल्ले के घरों में जा रहा है, मोहल्ले के लोगों द्वारा कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। दारानगर कड़ा धाम नगर पंचायत के वार्ड नं 14 रामनगर के रहने वाले संतोष कुमार शुक्ला पुत्र मानवेन्द्र नाथ शुक्ला ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि नगर पंचायत दारानगर में कुछ दिनों पहले सड़क चौड़ीकरण के साथ नाली निर्माण होना था लेकिन ठेकेदार की मनमानी के चलते सड़क चौड़ीकरण तो हो गया लेकिन नाली निर्माण नहीं हुआ जिससे नाली का गंदा पानी संतोष शुक्ला के घर में जाता है। जिससे उनका मकान जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच चुका है। संतोष शुक्ला ने बताया कि अगर नाली का निर्माण न कराया गया तो उनका मकान कभी भी गिर सकता है जिससे भाविष्य में उनके परिजनों के साथ बड़ी घटना घट सकती है। पीड़ित ने डीएम मधुसूदन हुल्गी से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। मामले में डीएम ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## थाना प्रभारी ने घाटों का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। बसंत पंचमी के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़ा धाम थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने मौके का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष ने कड़ा धाम के गंगा नदी और घाटों के आसपास सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा या हादसे का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्थानीय पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने और सभी आवश्यक सुरक्षा



उपायों को सुनिश्चित करने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा की सावधानियाँ और नदी के पास सावधानी बरतने के लिए भी आगाह किया।

# जनपद स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता में सुषमा अव्वल

न्यूज वाणी ब्यूरो

कौशाम्बी। प्रधानमंत्री पोषणशक्ति निर्माण योजना के



अंतर्गत रविवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय मंझनपुर में जनपद स्तरीय रसोईया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वह उनके विद्यालयों में आकर उनके द्वारा बनाए जाने वाले भोजन को अवश्य चखेंगे। इसके बाद रसोइयों द्वारा बनाए गए भोजन को प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी चायल हिना सिद्दीकी, डायट प्रवक्ता डा. अनामिका सिंह, शबनम सिद्दीकी ने चखते हुए सुषमा देवी उच्च प्राथमिक विद्यालय चायल को प्रथम, लखपतिया देवी प्राथमिक विद्यालय कादिराबाद मंझनपुर को द्वितीय और विमला देवी प्राथमिक विद्यालय अमिरसा नेवादा को तृतीय स्थान पर चयनित किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने रसोइयों को समय से मानदेय देने और उनकी समस्याओं का निवारण हर संभव करने का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल 30 प्रतिभागियों में से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रसोईया को 3500 रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली को 2500 रुपए व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली को 1500 रुपए की धनराशि पुरस्कार राशि उनके खाते में हस्तांतरित की जाएगी और शेष सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 300 रुपए प्रति रसोईया आवागमन के लिए देते हुए सभी को प्रमाणपत्र वितरित किया। इस अवसर पर आशुलिपिक विकास कुमार, जिला समन्वयक वीरेंद्र कुमार, धर्मनाथ, धीरेंद्र कुमार, अवधेश कुमार पांडेय, वीरेंद्र सिंह पटेल व कम्प्यूटर ऑपरेटर अखिलेश कुशवाहा और पंकज कुमार उपस्थित रहते हुए कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

## पति व उसके दोस्त पर अभद्रता व मारपीट का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पति व उसके दोस्त पर अभद्रता व मारपीट का आरोप लगाते हुए मामले की लिखित सूचना सैनी पुलिस को देते हुए कार्यवाही की मांग की है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के केन का मजरा वनपुरवा निवासी सुशीला देवी ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पति की पड़ोस के रहने वाले एक व्यक्ति से दोस्ती है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति नशे की हालत में अपने दोस्त के साथ मिलकर गाली गलौच करता है और बेटी को बुरी नीयत से देखते हुए अभद्रता करता है। पीड़िता के मुताबिक उसका पति अपने दोस्त व उसकी पत्नी के साथ मिलकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। पीड़िता ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

## विद्युत उपभोक्ता ने डीएम से लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

कौशाम्बी। विद्युत उपकेंद्र कछुआ अंतर्गत महेश पुर गनपा निवासी जगजीत पुत्र मंगल ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि लगातार विद्युत बिल जमा करने के बाद भी उसका बिल अधिक आ रहा है, विद्युत विभाग के जेई से शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती। एक वर्ष से उसका विद्युत बिल अधिक आने के कारण आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते उसका बिल 87868 रुपए हो गया है। पीड़ित ने मीटर बदलवाने की मांग करते हुए विद्युत बिल में संशोधन की गुहार लगाई है।

## दबंगों ने पुस्तैनी मकान में किया कब्जा, शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के एक कस्बे ने दबंगों ने जर्जर पुस्तैनी मकान में चारदिवारी कर अवैध कब्जा कर लिया है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर उक्त भूमि को खाली कराए जाने की मांग की है। नगर पंचायत अजुहा के शाखा रोड, पानी टंकी के नजदीक निवासी श्याम लाल पुत्र मोतीलाल ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पुस्तैनी कच्चा मकान था जो जर्जर होने के कारण गिर गया। श्याम लाल का आरोप है कि मोहल्ले के रहने वाले दो भू माफियाओं ने उसके मकान पर अवैध कब्जा कर चारदिवारी करवा लिया है, पीड़ित ने डीएम से उक्त भूमि को खाली कराए जाने की मांग की है। डीएम ने एसडीएम को जांचकर कार्यवाही के आदेश दिए है।



## लक्कड़ शाह की दरगाह पर बसंत मेला आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार के मुर्तिहा रेंज में स्थित हिन्दू–मुस्लिम दरगाह हजरत सैयद हाशिम अली शाह उर्फ लक्कड़ शाह की मजार पर बसंत मेलें की तैयारियों को लेकर दरगाह प्रबंध समिति की एक बैठक आज कमेटी के सदर रईस अहमद की सदारत में सम्पन्न हुई। दरगाह प्रबंध कमेटी के सदर रईस अहमद एवं सेक्रेट्री इसरार अहमद इदरीसी ने बताया कि बसन्त मेले का आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परंपरागत तरीके से आज 3 फरवरी को आयोजित होगा। बसंत मेले की तैयारियों को लेकर रंगाई–पुताई एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है। दरगाह कमेटी की तरफ से बसंत मेले में सुबह परंपरा के मुताबिक फल एवं फूलों की डालियां तथा खिचडी के साथ मजार शरीफ पर चादर पेश कर मुल्क में सुख–समृद्धि व अमन–चौन की दुआ की जाती है। सदियों पुरानी चली आ रही परंपरा के मुताबिक सालाना जेठ मेले की तिथि की घोषणा भी बसंत मेले में ही की जाती है। इस मौके पर सदर रईस अहमद, सेक्रेट्री इसरार अहमद इदरीसी, नायब सदर जकी अहमद, खजांची सद्दाम हुसैन, मेम्बर शब्बीर अली, अनवारुल हसन, चुन्ना, लियाकत खां, राहत अली, समेत सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## लखनऊ रेफर हुए आईटीबीपी जवान, बहन के घर जाते समय हादसे का हुए हैं शिकार

न्यूज वाणी ब्यूरो/ सुलतानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर एक दर्दनाक हादसे में आईटीबीपी जवान संतोष कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। शनिवार की रात को रायबरेली से अम्बेडकर नगर जाते समय उनकी बुलेट बाइक में अचानक आग लग गई, जिससे बचने के लिए कूदते वक्त उन्हें सिर में गंभीर चोटें आईं।घटना पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के किलोमीटर 140 पर महमूदपुर सेमरी गांव के पास हुई। राहगीरों की सूचना पर यूपीडा के सहायक सुरक्षा अधिकारी त्रिलोकीनाथ पांडेय मौके पर पहुंचे और घायल जवान को सीएचसी दोस्तपुर ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अंबेडकर नगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां दोस्तपुर के एसएचओ पंडित त्रिपाठी ने अपने वाहन से पहुंचाया।अंबेडकर नगर में जवान की स्थिति बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# शासन की लेक्सी योजनाओं की समीक्षा के लिए डीएम ने ली बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित लेक्सी योजनाओं की समीक्षा हेतु शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पीएम सूर्य घर योजना अन्तर्गत कम आवेदन कराने तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह न कराये जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अग्रिम आदेशों तक नगर पालिका परिषद बहराइच को छोड़कर जनपद के शेष सभी अधिशासी अधिकारियों का अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने के निर्देश दिये। डीएम द्वारा अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वेण्डरों के माध्यम से शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को पीएम सूर्य घर योजना से आच्छादित कराया जाय। ग्राम पंचायतों में सूर्य सखी की नियुक्ति के सम्बन्ध में उपायुक्त एन.आर.एल.एम. को निर्देश दिया कि महिला स्वयं सहायता समूह की हाईस्कूल उत्तीर्ण सक्रिय महिला सदस्य का सूर्य सखी के रूप में चयन कर चयनित महिलाओं की सूची परियोजना अधिकारी नेडा को उपलब्ध करा दी जाय। डीएम ने कहा कि चयनित सूर्य सखियों को प्रशिक्षण दिलाया जायेगा ताकि वे ग्राम पंचायत में सोलर पैनल की मरम्मत का कार्य कर सकेंगी जिससे महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो सकेगा तथा योजना से आच्छादित व्यक्ति को घर बैठे ही सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा के दौरान प्रगति खराब पाये जाने पर डीएम ने राजस्व व .षि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा जिले में गठित 86 .षक उत्पादक संगठनों के निदेशकों को निर्देश दिया कि अपने सदस्य किसानों के सहयोग से आस–पास के किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करना सुनिश्चित करें ताकि जिले की प्रगति में सुधार हो सके। समीक्षा में पाया गया 08 से 10 एफपीओ को छोड़कर अन्य .षक सदस्यों द्वारा रजिस्ट्री नहीं करायी जा रही है। इस स्थिति पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि आगामी किसान दिवस में सभी निदेशक फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति के साथ आयेंगे। डीएम द्वारा सभी एफपीओ से अपेक्षा की गई कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य में हर संभव सहयोग प्रदान कर जिले की प्रगति में सुधार लाने का प्रयास करें। डीएम ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य में शिथिलता बरतने वाले कार्मिकों एवं एफपीओ किसी अपरिहार्य परिस्थितियों के लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे। सीएम युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा के दौरान डीएम ने उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा व लीड बैंक प्रबन्धक को निर्देश दिया कि आकांक्षी जिले के अधिक से अधिक इच्छुक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें। डीएम ने कहा कि आईटीआई उत्तीर्ण तथा अन्य क्षेत्रों में पूर्व से कार्य कर रहे युवक–युवतियों को जागरूक कर उन्हें योजना से लाभान्वित किया जाय। डीएम ने सुझाव दिया कि शिविर आयोजित कर लक्षित वर्ग को योजना के लिए जागरूक भी किया जाय। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पीएम गति शक्ति योजना जिसे मल्टी–मॉडल कनेक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान भी कहा जाता है, कि समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक बहु–मॉडल नेटवर्क बनाने के लिए यह योजना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह योजना, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक परिवर्तनकारी .ष्टिकोण है इसी शासन की मंशानुरूप लागू किया जाय। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये गये कि योजना का क्रियान्वयन न करने वाले विभागों की सूची तैयार की जाय। बैठक के दौरान डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना से आच्छादित कराया जाय। बैठक के दौरान डीएम ने गो संरक्षण एवं संवर्द्धन कोष का खाता खोले जाने की प्रगति एवं फण्ड निर्गमन की स्थिति, आर.एफ., सी.आई.एफ., की एफ.डी.एम. पर फीडिंग की प्रगति, प्रोजेक्ट अलंकार के तहत अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक, संस्.त विद्यालयों के प्रस्ताव प्रेषित किये जाने, पीएम श्री विद्यालयों के क्रय व निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सम्बिन्धत अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी आशीष कुमार सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# अंतर्जनपदीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में बहराइच ने मारी बाजी

## – डीएम के हाथों सम्मानित हुए खिलाड़ी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस लाइन परिसर के परेड ग्राउण्ड में आयोजित गोरखपुर जोन की 12 वीं अन्तर्जनपदीय आर्चरी महिला, पुरूष प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस नगर रामानंद कुशवाहा, पुलिस क्षेत्राधिकारी सीओ कैसरगंज रवि खोखर, मिहींपुरवा के हीरा लाल कनौजिया, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, पीटीआई राजेश सहित पुलिस बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी तथा खेल प्रेमी मौजूद रहे।

पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल में हार व जीत मायने नहीं रखती है। डीएम ने कहा कि खेल के मैदान हमें हार कर जीतने की सीख देते हैं जिसका ज्ञान किसी पुस्तक के माध्यम से प्राप्त नहीं किया जा सकता है। डीएम ने कहा कि तीरअंदाजी का खेल भारत की माटी में रचा बसा है। आर्चरी का उल्लेख महाभारत काल से पूर्व भी मिलता है। डीएम ने खिलाड़ियों को सीख दी कि हार जीत से ज्यादा गुड स्पोर्ट्स मैन स्प्रिट को महत्व दें। डीएम ने कहा कि उन्हें उम्मीद है यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों की मेधा को निखारने में सफल होगी। इस अनुभव के सहारे आप प्रदेश, देश एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर देश का नाम रोशन करेंगे। पुरूष वर्ग की 30 मी. रेंज में बहराइच के पीटीआई ज्ञानेश्वर तिवारी, सिद्धार्थनगर के चन्द्रिका श्रीवास्तव व देवरिया के प्रभात कन्नौजिया, 50 मी. में सिद्धार्थनगर के चन्द्रिका श्रीवास्तव, बहराइच के ज्ञानेश्वर तिवारी व संजीय कुमार मिश्र ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम चौम्पियन शिप में बहराइच के ज्ञानेश्वर तिवारी, जान मोहम्मद, संजीव कुमार मिश्र व गिरजाशंकर तथा सिद्धार्थनगर, चन्द्रिका श्रीवास्तव, विनोद कुमार व श्रीवास्तव व गोण्डा की रचना कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम चौम्पियनशिप में बहराइच अभिमन्यु सिंह, रंजीत कुमार, सूरज वर्मा, विष्णु दयाल, वीरभद्र त्रिपाठी, प्रज्ज्वल त्रिपाठी तथा मेडिकल स्टाफ प्रतियोगिता–2025 में गोरखपुर जोन के 11 जनपदों में से गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज संतकबीर नगर,



अजीत यादव ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग की 30 मी. रेंज में देवरिया की आरक्षी कशिश सोनकर, बहराइच की शशि पटेल व लक्ष्मी यादव, 50 मी. रेंज में देवरिया की कशिश सोनकर, बहराइच की शिखा टीम की शचि पटेल, अनुप्रिया शुक्ला, अंजली शुक्ला व लक्ष्मी यादव ने प्रथम तथा देवरिया की कशिश सोनकर, मीना, अंजली पाण्डेय व शीला सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल व स्कोरर के रूप में के रूप में मुख्य फार्मासिस्ट अरविन्द शुक्ला द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के दौरान आरक्षी आरक्षी प्रशांत कुमार पाण्डेय द्वारा उदद्योषक की भूमिका का निर्वहन किया गया। अन्तर्जनपदीय आर्चरी (तीरंदाजी) महिलाध्पुरूष सिद्धार्थनगर, गोण्डा व बहराइच कुल सात जनपदों की टीमों ने प्रतिभाग किया। शेष कुशीनगर, बस्ती, बलरामपुर व श्रावस्ती की टीमें अपरिहार्य कारणों से प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकीं।

## दिव्यांग कौशल प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले बच्चे सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भावना दिव्यांग विद्यालय द्वारा आयोजित अंतिम दिवस की प्रदर्शनी का शुभारंभ पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह एवं भावना दिव्यांग संस्थान की सचिव तेज वटी सक्सेना एवं भावना श्रीवास्तव ने सरस्वती जी को प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ किया गया। अजय साहू ने दिव्यांग बच्चों के द्वारा बनाए गए उत्पादों को



दोबारा खरीद कर उनके बनाए हुए उत्पादों के गुणवत्ता की भूरी भूरी प्रशंसा की और भविष्य में दिव्यांगों के द्वारा बनाए हुए सामान प्रयोग मिलने का आश्वासन दिया। दिव्यांग कौशल प्रदर्शनी का समापन क्षेत्रीय मंत्री अनु श्रीवास्तव ने किया और प्रदर्शनी में प्रतिभा कर रहे सभी दिव्यांगों को एवं उनके अध्यापकों को प्रतीक चिन्ह देकर उनका उत्साह वर्धन किया। प्रदर्शनी के समापन में प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी से सीता बहन, प्रियंका बहन, स्वाति बहन मुन्नी दीदी, सर्वेश कुमार के अतिरिक्त अशोक श्रीवास्तव, ज्योति सिंह, बृजेश श्रीवास्तव, पूजा, माधुरी, रतना, तोशिका, कौशल श्रीवास्तव, रोहित, नाजिश, पूर्वी, अखिलेश, सानू, ओम, शिवानी गुप्ता, नूरजहां, मंजूर अली, माधुरी साहू, पीएन श्रीवास्तव, राजू साहू, डाक्टर सुषमा तिवारी, के. एन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।अ

## श्री डालचंद शर्मा इंटर कॉलेज में मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व

(संवाददाता) शाहबाद। रविवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम धुरियाई स्थित श्री डालचंद शर्मा इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवीण शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा अपने संबोधन में उन्होंने बसंत पंचमी पर्व के बारे में जानकारी दी, इस अवसर पर दिनेश शर्मा, केपी सिंह, धर्मेंद्र सक्सेना, नाजिम अली, जहीन मियां, धीरेंद्र मौर्य,विष्णु कश्यप, निम्मी, सिम्मी, पूजा, सफिया, शाइस्ता,असफिया उपासना हिरदेश के अतिरिक्त समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# आरोग्य मेले के अंतर्गत पीएचसी रूपईडीहा पर देखे गए 14 मरीज

## – डॉक्टर और स्टॉफ की भारी कमी से जूझ रहे अस्पताल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच।उत्तर प्रदेश सरकार की योजना जन आरोग्य मेले के अंतर्गत आज रूपईडीहा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को देखा गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टर रजनी गुप्ता ने बताया कि जन आरोग्य मेले के अंतर्गत आज हमारे केंद्र पर 14 मरीजों को देखा गया, और उनकी जांच कर दवाई दी गई। डॉक्टर गुप्ता ने बताया कि आज देखे गए मरीजों में आयुषी, अब्बास अली, परवीन, फरहान, करण, प्रतीक सहित 14 लोगों की जांच कर दवाईया दी गई।

इस समय क्योंकि मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। इसलिए ज्यादातर कोल्ड डायरिया सर्दी जुकाम के मरीज ही आज अस्पताल में आए। इस अवसर पर अस्पताल में वार्ड बॉय पवन मेहरोत्रा, नर्सिंग ऑफिसर संगीता रावत तथा शकुंतला वर्मा आदि कर्मचारी उपस्थित रही। रूपईडीहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर फार्मासिस्ट की तैनाती नहीं है। जिससे क्षेत्र के मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी जानकारी लेने पर पता चला कि 4 माह पहले फार्मासिस्ट का स्थानांतरण हो गया था तब से अभी तक तैनाती नहीं हो पाई है।

इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी विकास खण्ड नवाबगंज डॉक्टर आर०एन० वर्मा से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस समय पूरे ब्लॉक में स्वस्थ कर्मियों की बहुत भारी कमी है। सीएचसी चर्दा में इस वक्त मुझे मिलाकर सिर्फ दो डॉक्टरों की तैनाती है। जिससे पूरा अस्पताल चल रहा है। जबकि हमारे विकास खण्ड में कम से कम 14 डाक्टरों की जरूरत है। हम लोग किसी तरह से पूरे ब्लॉक की स्वास्थ्य व्यवस्था को चला रहे हैं। किसी दिन डॉक्टर की तैनाती यहां कर दी जाती है, तो किसी दिन दूसरे जगह पर। चूंकि रूपईडीहा के फार्मासिस्ट का चार माह पहले स्थानांतरण हो चुका है अभी तक हमको कोई नया फार्मासिस्ट नहीं मिला है। इसलिए रुपईडीहा में तैनाती नहीं हो पाई है।रुपईडीहा में तैनात डॉक्टर विवेक वर्मा जो अभी दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संभाल रहे हैं।

जिसमें रुपईडीहा में वह सोमवार, मंगलवार, और बुधवार रहते हैं, और बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार वह बाबागंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ड्यूटी देते हैं। इससे ये प्रतीत हो रहा है, कि डॉक्टर और स्टाफ की कमी के कारण विकास खण्ड नवाबगंज की स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जॉच)
हमारे यहाँ पर आखों की जॉच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते हैं।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रतमलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जॉच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलील अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# खानकाह में महफिले मिलाद ए मुस्तफा का हुआ आयोजन

## – कव्वालों के सूफियाना कलाम सुनकर मुरीद जायरीन में हुए मुग्ध लुत्फ अंदोज

न्यूज वाणी ब्यूरो

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। नगर की प्रमुख खानकाह ए कलीमिया सलाना उर्स ए कलीमी के दूसरे दिन बाद नमाज ए फज्र कुरानख्वानी हुई। महफिलें मिलाद ए मुस्तफा में सज्जादानशीन ने अकीदतमंद जायरीनों को संबोधित करते हुए पांच वक्त की नमाज पाबंदी से अदा करने की हिदायत दी और हम सबको अपने पीरो मुर्शिद हजरत सैय्यद कामिल महमूद कलीमी चिश्ती कादरी के बताए हुए रास्ते पर चले और उनके जीवन आदर्शों का अनुसरण करें।



सज्जादा हजरत सैय्यद आदिल महमूद कलीमी चिश्ती कादरी देहल्वी ने मुल्क एवं कौम की खुशहाली के लिए दुआ की। बीती रात बाद नमाज ए ईशा महफिल ए समा कव्वाली का प्रोग्राम हुआ। कव्वालो ने रूह परवर आरिफाना कलाम पेश करके जायरीन ए उर्स को लुत्फ अंदूज कर दिया। महफिल में बेशुमार अकीदतमंद जायरीनों सहित गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान प्रमुख रूप से हजरत सैय्यद सरवर महमूद कलीमी उर्फ एहसाम मियां, सैय्यद तलहा महमूद कलीमी, सैय्यद औसाफ अली, सैय्यद फैय्याज अली, मौलाना जमीर कादरी, कारी फरमान कादरी, इमाम जमील अख्तर, हाजी सगीर खान, सगीर खाँ डभौरा वाले, आरिश खान, समीद खान, डॉ0फैजान खान, अफजल खान, बाबू मंसूरी, ताहिर अंसारी, कैसर अली, फरीद खान, आरिफ उस्मानी, आजम खाँ, अजीम खाँ, पप्पू अंसारी, फुँदन खाँ, मसरूर हुसैन, राशिद खाँ आदि गणमान्य नागरिक सहित मुरीद जायरीन उपस्थित रहे।

# श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं के छलके नैन

न्यूज वाणी ब्यूरो

जहानाबाद, फतेहपुर। कस्बा जहानाबाद के मोहल्ला दारागंज स्थित सिद्ध धाम आशा देवी मंदिर पांच दिवसीय महायज्ञ में आज आचार्य पंडित कौशल किशोर ने राम कथा का संगीतमय धुन में वर्णन किया जिस पर प्रभु राम के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं में विस्तार से चर्चा सुनाई प्रभु राम का जन्म के साथ–साथ वनवास, सीता हरण तथा रावण के साथ युद्ध जैसी लीलाओं के जरिए प्रभु श्री राम ने आम जनमानस को संदेश देने का काम किया है कितना भी कठिन समय हो जिस पर मनुष्य को निष्ठा धैर्य व मर्यादा नहीं छोड़नी चाहिए,कथा सुनाते हुए कहा प्रभु राम के चरित्र में मर्यादा धैर्य तथा राज सिंहासन में बैठते ही न्यायप्रीतीता में दिए गए उदाहरण यदि मनुष्य अपने जीवन में अनुसरण करें तो जिस पर मनुष्य कभी दुखी नहीं हो सकता है। सीता हरण व रावण के साथ युद्ध के समय भगवान श्री राम ने धैर्य नहीं छोड़ा मर्यादा की सीमा का उल्लंघन नहीं किया, सत्ता मिलने पर प्रजा के प्रति उनकी निष्ठा व न्याय पर विशेष ध्यान दिया था। आज के शासन सत्ता को रामायण से सीख लेकर अनुकरण करना चाहिए सीता हरण की कथा के समय लोगों के आंखों में आंसुओं की अश्रुधारा निकल आई के लिए आयोजन सीमित के पदाधिकारी द्वारा बताया गया आज एक दर्जन युवाओं का उपनयन संस्कार का कार्यक्रम की रस्म निभाई गई है सोमवार को सामूहिक विवाह तथा भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से पप्पू कुशवाहा, श्री राम गुप्ता आदि मौजूद थें।

## दो वर्ष में पूरा होगा नहर कैनाल का कार्य : राजेंद्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

जहानाबाद, फतेहपुर। कस्बा जहानाबाद कस्बा जहानाबाद के कटरा चुनपुज स्थित सामुदायिक मिलन केंद्र में क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने जनता दरबार लगाया जनता दरबार में लगभग एक दर्जन से अधिक शिकायत दर्ज कर उन्हें विभागीय अधिकारियों से निस्तारण के निर्देश दिए इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाने के साथ–साथ क्षेत्र में 30 वर्षों से अधिक सूखे पड़े बंबा में प्रस्तावित पंप कैनाल के कार्य के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा लगभग 2 वर्ष के अंदर नहर की सफाई के साथ–साथ इस पर पानी की आपूर्ति शुरू हो जाएगी उन्होंने इसके लिए कहा लंबे संघर्ष के बाद इस पर सफलता मिली है जिसके लिए उन्होंने प्रदेश की सरकार व मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते नजर आए उन्होंने कहा लगभग 2 लाख बीघा फसल इससे उपजाऊ होगी तथा यहां से पलायन करने वाला किसान एक बार फिर इस क्षेत्र को धान का कटोरा बनाने का काम करेगा। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाने के साथ–साथ क्षेत्र में कई मार्गों के बारे में विस्तार से बताया कि जिन पर जल्द सड़क निर्माण कार्य तथा चौड़ीकरण का कार्य भी शुभारंभ हो जाएगा।इस मौके पर उन्होंने वहां पर निर्धन तथा गरीब असहाय आए फरियादियों को कंबल वितरण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से सभासद महेश चौरसिया, पूर्व प्रधान रामबली निषाद, पप्पू त्रिवेदी शिवसागर सोनकर, रोहित सचान, प्रदीपकुमार बउउन दुबे पूर्व सभासद सहित भाजपा नेत्री कामिनी सिंह चौहान, देवरती निषाद, पुनीता आदि प्रमुख रूप से मौजूद थीं।

## घरेलू विवाद के चलते महिला को पीट कर किया घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। घरेलू विवाद के चलते महिला को लाठी डंडों से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया घायल महिला अपने परिजनों के साथ पुलिस के पास पहुंची और आरोपी पति के खिलाफ लिखित पुलिस ने पति के खिलाफ केस दर्ज कर महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा पुलिस पूरे मामले की जांच कर



रही है। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के दरवेशा बाद गांव निवासी गुड़िया देवी उम्र 40 वर्ष पत्नी रमाकांत ने घरेलू विवाद के चलते महिला को लाठी डंडों से पीट–पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया घायल महिला अपने परिजनों के साथ पुलिस के पास पहुंची और आरोपी पति के खिलाफ लिखित तहरीर दी पुलिस ने महिला की तहरीर पर के दर्ज कर घायल महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# जयपुरिया की फाइनल जोश परीक्षा में विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

### – विद्यार्थियों में नई ऊर्जा व उत्साह का संचार करेगी छात्रवृत्ति परीक्षा : राणा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां कस्बा स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में रविवार को जोश छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में कक्षा आठ व दस के विद्यार्थियों ने नवीं व ग्यारहवीं में प्रवेश हेतु प्रतिभाग किया। परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को स्कूटी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को इलेक्ट्रिक साइकिल व तृतीय स्थान हासिल करने वाले को लैपटाप दिया जाएगा। इसी प्रकार 30 वें स्थान तक आने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। परीक्षा में फतेहपुर, बिंदकी, बकेवर व चौडगरा स्थित विभिन्न विद्यालयों के 1800 विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने बताया कि वे अत्यंत उत्साहित हैं और परीक्षा में प्रतिभाग करने से उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा व बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करने का उत्साह प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के साथ आए उनके अभिभावकों ने विद्यालय प्रांगण एवं विद्यालय का भ्रमण किया और कहा कि जयपुरिया स्कूल का माहौल उनके बच्चों में सकारात्मक सोंच व ऊर्जा का संचार करेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य राणा संग्राम सिंह भदौरिया ने विभिन्न कक्षों में आयोजित परीक्षा का निरीक्षण करते हुए बताया कि यह छात्रवृत्ति परीक्षा विद्यार्थियों में नई ऊर्जा व उत्साह का संचार करने व बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में संबल प्रदान करने का कार्य करेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में फतेहपुर शाखा के प्रधानाचार्य सीजो वर्गीस, बिंदकी शाखा की प्रधानाचार्या उर्वशी पाण्डेय व मुख्य संबंध प्रबंधक जरीना अंजुम व सुप्रिया सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मुसाफा धाम में विशाल रुद्रयज्ञ व रासलीला 24 फरवरी से 4 मार्च तक

### – शोभन सरकार एवं मौनी सरकार की पावन जन्मस्थली पर होगा दिव्य अनुष्ठान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बकेवर, फतेहपुर। श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के केंद्र स्वम्भू शिवलिंग बाबा श्री बूढ़ेनाथ स्वामी मंदिर, मुसाफा धाम में इस वर्ष एक बार फिर 42वें विशाल रुद्रयज्ञ एवं रासलीला का भव्य आयोजन किया जाएगा। 24 फरवरी 2025 से 4 मार्च 2025 तक चलने वाले इस पावन अनुष्ठान में देशभर से श्रद्धालु, संत, विद्वान आचार्य और भक्तजन शामिल होंगे। यह धार्मिक आयोजन बृम्हलीन स्वामी विरक्ता नंद महाराज शोभन सरकार (कानपुर आश्रम) एवं स्वामी मौनी सरकार (दूधी कगार आश्रम) की .पा से संपन्न होगा। चूंकि यह स्थान इन महान संतों की पावन जन्मस्थली है, इसलिए इस आयोजन का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह आयोजन न केवल श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक जागरण का माध्यम बनेगा, बल्कि क्षेत्रीय संस्.ति, सनातन परंपरा और आध्यात्मिक चेतना को भी मजबूत करेगा। 24 फरवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस पावन आयोजन का शुभारंभ कलश यात्रा से होगा। सैकड़ों महिलाएँ पारंपरिक परिधानों में सिर पर पवित्र कलश धारण कर नगर भ्रमण करेंगी। मंत्रोच्चार और भक्ति गीतों के बीच यह यात्रा पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बनाएगी। 25 फरवरी को कांवड़ यात्रा, अग्निमंथन एवं रासलीला शुभारंभ होगा। कांवड़ यात्रा में शिवभक्त पवित्र जल लेकर चलेंगे और भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। अग्निमंथन (प्रा.तिक विधि से अग्नि प्रज्वलन) का धार्मिक अनुष्ठान होगा, जिसे यज्ञ का आध्यात्मिक आधार माना जाता है। शाम को वृंदावन के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रासलीला का शुभारंभ होगा, जिसमें भगवान श्री.ष्ण की लीलाओं का भव्य मंचन किया जाएगा। 26 फरवरी को कांवड़ियों द्वारा जलाभिषेक एवं विशाल रुद्राभिषेक किया जाएगा। 27 फरवरी को विभिन्न संत–महात्माओं द्वारा आध्यात्मिक प्रवचन दिए जाएंगे। प्रवचनों में भक्ति, धर्म, योग और जीवन के गूढ़ रहस्यों पर चर्चा होगी। श्रद्धालु इन प्रवचनों से आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त करेंगे। तीन मार्च को सनातन परंपरा के अनुसार उपनयन संस्कार (जनेऊ संस्कार) का आयोजन होगा। इसमें योग्य ब्राह्मणों के यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न होंगे। चार मार्च को रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी, जिसमें हवन–पूजन और अंतिम आहुतियाँ दी जाएँगी। महाप्रसाद वितरण में हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे और पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। यह आयोजन बृम्हलीन स्वामी विरक्ता नंद महाराज शोभन सरकार एवं स्वामी मौनी सरकार के आशीर्वाद से संपन्न हो रहा है। मुसाफा धाम को इन संतों की जन्मस्थली होने का सौभाग्य प्राप्त है, और हर वर्ष यहाँ यह भव्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया जाता है।



*इनसेट–*

श्रद्धालुओं से अधिकाधिक भागीदारी की अपील

समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस धार्मिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और पुण्य लाभ अर्जित करें। यह आयोजन सनातन संस्.ति के प्रचार–प्रसार के साथ–साथ सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक उन्नति का संदेश देगा।

यातायात, सुरक्षा एवं चिकित्सा सुविधाएँ रहेंगी उपलब्ध

*इनसेट–*

विधायक ने फंडिंग में मदद का दिया आश्वासन

विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने इस धार्मिक आयोजन के महत्व को देखते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि फंडिंग प्राप्त करने के लिए आयोजन का आधिकारिक रजिस्ट्रेशन आवश्यक है।

# बैठक में शिक्षामित्रों के मानदेय रोकने का उठा मुद्दा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक नहर कॉलोनी में जिला अध्यक्ष विजय सिंह गौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विजय सिंह गौर ने कहा कि जो भी शिक्षामित्रो की समस्याओ का संबंधित अधिकारी से मिलकर समस्या का निस्तारण कराया जायेगा। बैठक में उपस्थित कुछ शिक्षामित्र की समस्या बहुत गंभीर समझ में आई अधिकारियों के द्वारा बीमार शिक्षा मित्र बी एल ओ की ड्यूटी न करने पर अनिश्चितकालीन के लिए मानदेय रोक दिया गया। कुछ शिक्षा मित्रों का वर्षों से मानदेय रुका हुआ है कुछ ऐसे शिक्षामित्र हैं जिनका 8से 9महीने का मानदेय रुका हुआ है। जिला अध्यक्ष विजय सिंह गौर ने कहा कि 50 से 60 किलोमीटर दूर सैकड़ो शिक्षामित्र अपनी ड्यूटी करने जा रहे हैं। कई बार शासन से मूल विद्यालय की मांग करने के बावजूद शासनादेश तो जारी हुआ किंतु न्याय पंचायत स्तर पर स्थानांतरण की सुविधा नही दी गयी। विजय सिंह गौर ने कहा कि स्थानांतरण की समस्या को लेकर व महिलाओं की समस्याएं को लेकर के अतिशीघ्र बेसिक शिक्षा मंत्री व सचिव बेसिक शिक्षा निदेशालय से मिलकर जल्द ही शासनादेश में न्याय पंचायत स्तर हेतु संशोधन कराया जाएगा। जनपद स्तर की समस्याएं को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला अधिकारी से मिलकर संगठन का प्रतिनिधिमंडल जल्द मुलाकात कर समस्या का निस्तारण कराया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से सोहनलाल वर्मा, इंद्रपाल, राम बहादुर, अनूप पांडे, इन्द्र प्रकाश, अवधेश यादव, पिंटू सिंह, नीतू, राजकुमारी, उर्मिला देवी, प्रेम प्रकाश, रामेश्वर प्रसाद पाल, सज्जन सिंह, अजय तिवारी, शिवकुमार यादव, गजेंद्र सिंह यादव, कुलदीप चंदेल, जितेंद्र सिंह, मानसिंह, राजेंद्र सिंह, शिव बहादुर सिंह, रामनरेश, सविता, संगीता वर्मा, सुधीर सिंह, किरण देवी, रानी राम सुमेर, देवी, सबिया बेगम, रेखा साहू, रशीदा बेगम, कोमल सिंह, सीमा देवी, तलत जबी, पुष्प लता, प्रियंका, ललिता, स्नेह लता, सुरेंद्र कुमार, शुगर सिंह यादव, नरेंद्र बाबू, सुरेंद्र कुमार, सविता देवी, पुष्पा देवी, शैलेन्द्री यादव, उर्मिला आदि सैकड़ो शिक्षामित्र उपस्थित रहे।



# दोसर वैश्य महासमिति के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को मिला संगठन केशरी सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता संगठन केशरी सम्मान से हुये सम्मानित। शाल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया सम्मान। विगत दिवस लखनउ में आयोजित भारतीय दोसर वैश्य महासमिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एवं प्रांतीय कार्य समिति में जनपद के वैश्य समाज के कर्मठ कार्यकर्ता एवं महासमिति के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को महासमिति द्वारा संगठन केशरी सम्मान से सम्मानित किया गया। उक्त सम्मेलन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद जी की उपस्थित किन्ही अपरिहार्य कारणों से नहीं हो सकी थी जिससे उनके सम्मान को जनपद से गये प्रतिनिधि मंडल ने स्वीकार्य किया तथा जनपद वापसी पर उनके प्रतिष्ठान में जाकर महासमिति के जिलाध्यक्ष नारायण गुप्ता एवं महासमिति के संरक्षक संजय गुप्ता ने शाल पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष नारायण गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्त को जो सम्मान लखनउ में प्रदान किया गया है वह हम सभी के लिये गौरवशाली एवं प्रेरणादायक है। उनके इस सम्मान से हम सभी गौरवान्वित हो रहे है। इस मौके पर राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि महासमिति द्वारा जो सम्मान मुझे प्राप्त हुआ है उसका श्रेय हमारी टीम को जाता है और समाज को विश्वास दिलाते हैं कि संगठन ने जो आस्था व्यक्त की है उसका पूरा सम्मान करते हुये समाज को संगठित करने में तन मन धन से आगे बढाने का कार्य करेंगे। हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से राम विशाल गुप्ता, सुशील गुप्ता, साजन गुप्ता, आनंद गुप्ता, सुधीर गुप्ता, अशोक गुप्ता, शैलेंद्र शरन सिंपल, अरूण जायसवाल, अश्वनी गुप्ता, सुरेश गुप्ता, विकास गुप्ता, अजय गुप्ता सहित समाज के तमाम लोगों ने बधाई दी।



## गंगा तटवर्ती व यमुना तटवर्ती के दो शेरों का हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रमवां स्थित एक मैरिज लान के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। लेकिन इस समारोह में गंगा और यमुना के दो शेरों का मंच के माध्यम से जब सम्मान हुआ तो सामने बैठी दर्शक दीर्घा ने तालियां बजाकर हाल को गुंजायमान कर दिया। हम बता दें कि रमवा में कोटेश्वर मंडप मैरिज लॉन का उद्घाटन किया गया। जिसमें जनपद के तमाम गणमान्य लोग पहुंचे। इस दौरान गंगा तट के भिटौरा ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी के बड़े भाई समाजसेवी व वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष तिवारी तथा यमुना तटवर्ती क्षेत्र के सरकंडी ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि व वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष द्विवेदी का मंच के माध्यम से कोटेश्वर शुक्ला ने प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर जब उन्हें सम्मानित किया तो दर्शक दीर्घा में बैठे तमाम लोगों ने दबी जुबान से ही सही लेकिन यह कह दिया कि रमवा ग्राम सभा में आज मंच के माध्यम से दो शेरों का सम्मान हो रहा है जो अपने क्षेत्र में समाज सेवा के माध्यम से जहां लोगों की समस्याओं का निराकरण करते हैं, लोगों की शिकायतों को दूर करते हैं, लोगों के प्रति श्रद्धा भाव रखते हैं, लोगों के सुख–दुख में साथ देते हैं। आज एक मंच पर, एक साथ उनका सम्मान होते देख लोगों ने कहा कि यह वास्तव में सम्मान के पात्र हैं। हालांकि इस दौरान जिला बार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे महामंत्री जितेन्द्र सिंह गौतम सहित उनकी टीम को भी सम्मानित किया गया तो महात्मा गांधी डिग्री कॉलेज के हिंदी के प्रोफेसर ओपी अवस्थी को भी मंच के माध्यम से कोटेश्वर शुक्ला ने सम्मानित किया। इस दौरान सांस्.तिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें तमाम लोगों ने कार्यक्रम की सराहना किया। इस दौरान तमाम भूतपूर्व सैनिक भी मौजूद रहे। वही मीडिया से रूबरू होते हुए समाजसेवी संतोष तिवारी व संतोष द्विवेदी ने कहा कि हम भले ही गंगा व यमुना तटवर्ती क्षेत्र के रहने वाले हो लेकिन जब बात फतेहपुर जनपद की आती है तो हम दोनों एक साथ मिलकर फतेहपुर जनपद के किसी भी कोने में रहने वाले गरीब जरूरतमंद की मदद के लिए हमेशा तैयार है।

## ग्रापए कार्यालय में परिचय पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला इकाई फतेहपुर के रुद्र सदन, सथरियांव रोड खंभापुर स्थित जिला कार्यालय में संगठन के परिचय पत्र का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में संगठन विस्तार पर गहन विचार



विमर्श किया गया साथ ही संगठन में जुड़ने वाले नवीन सदस्यता की गाइड लाइन जारी करते हुए वर्ष 2025 की सदस्यता की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमरजीत सिंह द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुमुद तिवारी तथा संचालन महामंत्री जितेंद्र त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ने संगठन को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी पदाधिकारी व सदस्यों को संगठन के प्रति जिम्मेदारी निर्वाह करने की बात कही उन्होंने कहा कि संगठन हित में कार्य करने वाले सभी पदाधिकारी की रिपोर्ट प्रदेश स्तर को भेजी जाती है। वरिष्ठ महामंत्री सुजान सिंह गौतम ने कहा कि संगठन की मासिक बैठक में अगर कोई पदाधिकारी व सदस्य लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित होता है उसे कारण बताना होगा, ऐसा न कर पाने पर वह अपने आप को संगठन से अलग ही समझे। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन की सदस्यता अभियान आगामी 28 फरवरी तक निरंतर जारी रहेगी। जिनका परिचय पत्र संगठन की सदस्यता अभियान तिथि समाप्त होने के बाद वितरित किया जाएगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि 28 फरवरी को संगठन की सदस्यता अभियान समाप्त होने के बाद पूरे जनपद के सदस्यों की सूची प्रदेश कार्यकारिणी को सौंप दी जाएगी। कार्यक्रम में संप्रेक्षक त्रिवेणी प्रसाद मिश्र, संरक्षक भूपेंद्र सिंह चौहान, विमल सिंह चौहान, प्रवेश सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष जयपाल सिंह, अनुराग पटेल, सुधा सिंह, कार्यालय प्रभारी रोहित अग्रहरि, संदीप श्रीवास्तव, डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह, .ष्णकांत शुक्ला, गौरव अवस्थी, सत्यम सिंह आदि लोग रहे मौजूद।

# विधायक ने 1200 पात्र लोगों को बाटे कंबल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। विधायक ने 1200 पात्र लोगों को कंबल बांटे इस मौके पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार लगातार विकास करा रही है केंद्र व राज्य सरकार के चलते देश–विदेश की जनता को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। रविवार को नगर के ललौली रोड स्थित अपने कार्यालय में क्षेत्रीय विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने 1200 पात्र लोगों को कंबल बांटे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के द्वारा सरकारी योजनाओं का लाभ जनता को देने का काम किया जा रहा है। वही लोगों ने कंबल मिलने से चेहरे में मुस्कान छा गई। इस मौके पर तहसीलदार अचिलेश कुमार, राजस्व निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा, लेखपाल अजीत उमराव, लेखपाल पवन कुमार, योगेंद्र कुमार, अनुराग वाजपेई के अलावा भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी भाजपा नेता बलराम सिंह चौहान नगर पालिका परिषद बिंदकी चेयरमैन प्रतिनिधि विजय कुमार उर्फ काजू साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष बिंदकी ठाकुर पूरन सिंह बउवा खजुहा मंडल अध्यक्ष रोहन श्रीवास्तव पूर्व भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अतुल द्विवेदी के अलावा भाजपा नेत्री संगीता तिवारी, स्वाति ओमर, सोमवती निषाद, रचना हुसैन तथा किशन कुमार सोनकर, सौरभ बाजपेई, सूजीत उमराव, संदीप उमराव, पदम पटेल, वेद उमराव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )